मंगलवार, 23 सितम्बर 2025

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 31 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 5:25 | सूर्यास्त: 17:34 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आश्विन शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



सर्वत्र सिद्धि और विजय प्राप्ति की देवी ब्रह्मचारिणी

पृष्ठ 2

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : हर शाम सूरज ही नहीं ढलता, हमारी अनमोल जिंदगी भी ढलती है।






RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555



मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खिदिरपुर 25 पल्ली दुर्गा पूजा पंडाल के उद्घाटन पर मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना करती हुईं।

# केंद्र ने जीएसटी दरें घटाकर वित्तीय बोझ राज्यों पर डाला : ममता

■ मुख्यमंत्री ने कोलकाता में कई पूजा पंडालो का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को केंद्र सरकार पर माल एवं सेवा (जीएसटी) कर की दरें घटाकर वित्तीय बोझ राज्यों पर डालने और इसका 'अनुचित श्रेय' लेने का आरोप लगाया। ममता ने यहां दुर्गा पूजा के मौके पर एक समारोह का उद्घाटन करने के बाद कहा कि हालांकि, जीएसटी कम करने से राज्य को 20,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा, फिर भी वह इस फैसले का स्वागत करती हैं, क्योंकि इससे आम आदमी को फायदा होगा। नयी जीएसटी दरें सोमवार से पूरे देश में लागू हो गयीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने ही (लोगों पर) अतिरिक्त जीएसटी बोझ हटाने की मांग की थी और केंद्र को इसका अनुचित श्रेय नहीं लेना चाहिए। केंद्र को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। हर राज्य को राजस्व नुकसान से निपटने के तरीके खोजने होंगे। ममता ने कहा कि उनकी सरकार जल्द ही जीएसटी कम करने के बाद राज्य के रुख पर अखबारों में विज्ञापन जारी करेगी। उन्होंने पूछा कि 20,000 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान के बाद हमें पैसा कैसे मिलेगा?

### 'विविधता में एकता ही हमारी ताकत'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई विभिन्न समुदायों के लोग दुर्गा पूजा उत्सव में भाग लेते हैं। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि विविधता में एकता ही हमारी ताकत है। ममता ने भाजपा शासित कुछ राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों का कथित तौर पर उत्पीड़न किये जाने के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि मुझे हर भाषा से प्यार है, लेकिन मैं अपनी भाषा का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि किसी को भी धार्मिक विभाजन के बीज नहीं बोने चाहिए, क्योंकि दुर्गा, वैष्णो देवी और काली एक ही देवी हैं। ममता ने कहा कि जब हर धर्म अपने-अपने रास्तों से ईश्वर तक पहुंचने की बात करता है, तो हमें गुटों में क्यों बंटना और लड़ना चाहिए? मुख्यमंत्री ने जनता से उन लोगों से भी सतर्क रहने को कहा, जो उन्हें बांटने की कोशिश करते हैं।

## एनएसई 21 अक्टूबर को एक घंटे का दिवाली मुहूर्त कारोबार आयोजित करेगा

**नयी दिल्ली :** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने सोमवार को कहा कि वह दिवाली के त्योहार पर मंगलवार, 21 अक्टूबर को एक विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र आयोजित करेगा। शेयर बाजार ने एक परिपत्र में कहा कि यह प्रतीकात्मक कारोबार सत्र दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे के बीच आयोजित किया जाएगा। पिछले साल, विशेष मुहूर्त कारोबार सत्र शाम छह बजे से सात बजे तक आयोजित किया गया था। यह नया सत्र एक नए संवत (विक्रम संवत 2082) का भी प्रतीक है, जो दिवाली से शुरू होता है। ऐसा माना जाता है कि 'मुहूर्त' या शुभ समय के दौरान कारोबार करने से हितधारकों के लिए समृद्धि और वित्तीय वृद्धि होती है।

## सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत 25 लाख अतिरिक्त एलपीजी कनेक्शन जारी करने को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** पेट्रोलियम मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि सरकार ने चालू वित्त वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत गरीब महिलाओं को 25 लाख अतिरिक्त मुफ्त एलपीजी कनेक्शन जारी करने को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''इस विस्तार के साथ, पीएमयूवाई कनेक्शन की कुल संख्या बढ़कर 10.58 करोड़ हो जाएगी। इसके लिए, सरकार ने 676 करोड़ रुपये के व्यय को मंजूरी दी है। इसमें 2,050 रुपये प्रति कनेक्शन की दर से 25 लाख कनेक्शन बिना किसी जमा राशि के प्रदान करने के लिए 512.5 करोड़ रुपये, 14.2 किलोग्राम के घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपये की लक्षित सब्सिडी के लिए 160 करोड़ रुपये (प्रति वर्ष अधिकतम नौ बार सिलेंडर भराने, पांच किलोग्राम सिलेंडर के लिए आनुपातिक रूप से) और परियोजना प्रबंधन एवं अन्य खर्चों के लिए 3.5 करोड़ रुपये शामिल हैं। पीएमयूवाई के तहत, लाभार्थियों को बिना किसी जमा राशि के एलपीजी कनेक्शन मिलता है।

# अफगान किशोर विमान के 'लैंडिंग गियर' कक्ष में छिपकर दिल्ली पहुंचा

**नयी दिल्ली :** अफगानिस्तान का एक किशोर काबुल से उड़ान भरने वाले एक विमान के 'लैंडिंग गियर' कक्ष में छिपकर दिल्ली पहुंच गया। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे की है, जब केएएम एयरलाइंस की उड़ान संख्या आरक्यू-4401 दो घंटे की यात्रा के बाद इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर पहुंची। सूत्रों ने बताया कि लड़के को रविवार को ही उसी उड़ान से अफगानिस्तान वापस भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि एयरलाइन अधिकारियों ने हवाई अड्डे के सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को 13 वर्षीय एक लड़के के बारे में सूचना दी, जो विमान के उतरने के बाद उसके पास घूमता हुआ पाया गया। कुंदुज शहर के मूल निवासी इस लड़के को विमानन कर्मियों ने पकड़ लिया और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों को सौंप दिया, जो उसे पूछताछ के लिए हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर ले आए। लड़के ने अधिकारियों को बताया कि वह काबुल हवाई अड्डे में घुस गया और किसी तरह विमान के पिछले केंद्रीय 'लैंडिंग गियर' कक्ष में घुसने में कामयाब रहा। सूत्रों ने बताया कि उसने जिज्ञासावश ऐसा किया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद, अफगान लड़के को उसी उड़ान से वापस भेज दिया गया, जो दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे रवाना हुई।

# पीओके खुद कहेगा मैं भी भारत हूं: राजनाथ सिंह



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को में भारतीय समुदाय से कहा कि पीओके बिना हमले के हमारा बनेगा। वहां लोग 'मैं भी भारत हूं' नारे लगाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में सेना की संयमित कार्रवाई की तारीफ की। मोदी सरकार के 10 साल में भारत 11वें से 4जी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मोरक्को के रबात में भारतीय समुदाय से मिले। उन्होंने पाक अधिकृत कश्मीर पर मजबूत बात कही। उन्होंने कहा कि पीओके खुद भारत का हिस्सा बनेगा।

भारतीय समुदाय से बातचीत में राजनाथ सिंह ने कहा कि पीओके हमारा होगा, बिना हमला किए। पीओके के लोग खुद मांग करने लगे हैं। आपने नारे सुने होंगे। 5 साल पहले कश्मीर घाटी में भारतीय सेना को संबोधित करते हुए मैंने कहा था कि पीओके पर हमला करने की जरूरत नहीं। वो तो हमारा ही है। पीओके खुद कहेगा, मैं भी भारत हूं। वह दिन जरूर आएगा। राजनाथ सिंह ने पीओके में हो रहे बदलाव का जिक्र किया। वहां के लोग भारत से जुडने की बात करने लगे हैं। यह भारत की मजबूत नीति का नतीजा है। भारतीय समुदाय ने ऑपरेशन सिंदूर में सेना की तेज कार्रवाई की तारीफ की। यह ऑपरेशन पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर कायराना हमले के बाद किया गया। राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना पूरी तरह तैयार थी। सरकार ने सेना को पूरी आजादी दी थी। लेकिन भारत ने संयम बरता, कार्रवाई बढ़ाने वाली नहीं थी। उन्होंने रामचरितमानस से उद्धरण दिया कि हमने धर्म देखकर नहीं, कर्म देखकर मारा है। मतलब, हमने गलत काम करने वालों को सजा दी, लेकिन जरूरत से ज्यादा नहीं। यह भारत की मजबूत लेकिन शांतिपूर्ण नीति दिखाता है। समुदाय ने सेना की बहादुरी पर तालियां बजाईं। राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल की उपलब्धियों पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक और भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद भारत सबसे तेज बढने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। दुनिया में 11वें स्थान से 4जी पर पहुंचा। जल्द ही टॉप 3 में होगा। राजनाथ सिंह ने मोरक्को में रहने वाले भारतीयों की मेहनत, समर्पण और ईमानदारी की सराहना की। कहा कि ये भारतीय संस्कृति की ताकत दिखाते हैं। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के शब्द याद किए। 1893 के विश्व धर्म संसद में विवेकानंद ने कहा था कि भारतीय संस्कृति में चरित्र ही व्यक्ति को परिभाषित करता है।


## ऑनलाइन सट्टेबाजी: ईडी ने दुबई में करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'फेयरप्ले' मंच से जुड़े ऑनलाइन सट्टेबाजी और प्रसारण मामले में धन शोधन निवारण कानून के तहत दुबई में कुल 307 करोड़ रुपये की जमीन, विला और फ्लैट कुर्क किए तथा भारत में बैंक जमा राशि जब्त की। ईडी अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि धन शोधन का यह मामला मुंबई पुलिस की साइबर शाखा की ओर से दर्ज की गई एक प्राथमिकी से उपजा है। यह शिकायत वायकॉम18 मीडिया की ओर से 'फेयरप्ले' और अन्य के खिलाफ भेजे गए पत्र के आधार पर दर्ज की गई थी, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और कॉपीराइट अधिनियम के उल्लंघन के कारण कंपनी को 100 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व का नुकसान होने का आरोप लगाया गया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि इसके बाद, 'फेयरप्ले' और उसके सहयोगियों सहित विभिन्न कंपनियों के खिलाफ अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी के आरोप में दर्ज की गई कई अन्य प्राथमिकियों को जांच के लिए एक साथ जोड़ दिया गया। बयान के मुताबिक, मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत 19 सितंबर को दुबई स्थित जमीन, विला और फ्लैट को कुर्क करने तथा भारत में जमा बैंक राशि को जब्त करने का एक अनंतिम आदेश जारी किया गया था। इन संपत्तियों और बैंक जमा राशि की कुल कीमत 307.16 करोड़ रुपये है। ईडी ने कहा कि मामले में अपराध की आय कई सौ करोड़ रुपये होने का अनुमान है।






# कठिन विकास कार्य को हाथ नहीं लगाना कांग्रेस की 'पुरानी आदत' है: प्रधानमंत्री मोदी



**ईटानगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विकास का जो भी काम मुश्किल होता है कांग्रेस उस काम को कभी हाथ नहीं लगाती और यह उसकी पुरानी आदत है हालांकि कांग्रेस की इस आदत से पूर्वोत्तर को बहुत नुकसान पहुंचा है। ईटानगर के इंदिरा गांधी पार्क में 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने जीएसटी सुधारों की सराहना की और कहा कि नवरात्रि के पहले दिन से कम दरें लागू होने से लोगों को इस त्योहारी सीजन में ''दोहरी सौगात'' मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जानते थे कि पूर्वोत्तर का विकास दिल्ली से नहीं किया जा सकता, इसलिए उन्होंने मंत्रियों और अधिकारियों को इस क्षेत्र में अधिक बार भेजा और वह स्वयं यहां 70 से अधिक बार आए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, '' कांग्रेस की एक पुरानी आदत है कि विकास का जो भी काम मुश्किल होता है, उस काम को वह कभी हाथ ही नहीं लगाती। कांग्रेस की इस आदत से पूर्वोत्तर को बहुत नुकसान हुआ।'' उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की पूर्व सरकारें जो सीमा से सटे गांव थे, उन्हें 'लास्ट विलेज' कहकर पल्ला झाड़ लेती थीं और यही कारण है कि सीमावर्ती क्षेत्रों से लोगों का पलायन होता गया। मोदी ने कहा कि जिन क्षेत्रों को कभी सड़क निर्माण के लिए असंभव माना जाता था, वहां अब आधुनिक राजमार्ग हैं। उन्होंने कहा, '' सेला सुरंग जो कभी अकल्पनीय थी अब अरुणाचल की गौरवशाली पहचान बन गई है। होलोंगी हवाई अड्डे पर एक नया टर्मिनल है और दिल्ली के लिए सीधी उड़ानें हैं। इससे छात्रों और पर्यटकों के लिए यात्रा आसान हुई है और किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक भेजने में भी मदद मिली है।''

## जीएसटी बचत उत्सव: मोदी ने देशवासियों को लिखा खुला पत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से समाज के हर वर्ग को सीधा लाभ मिलेगा और बचत को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से पूरे देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों के नाम खुले पत्र में लिखा, त्योहारों पर इस वर्ष हमें एक और उपहार मिल रहा है। इन सुधारों से किसान, महिला, युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, व्यापारी, लघु और कुटीर उद्योग सभी को लाभ होगा। ये अधिक निवेश और विकास को प्रोत्साहित करेंगे तथा हर राज्य और क्षेत्र की प्रगति में तेजी लाएंगे। उन्होंने कहा कि अब जीएसटी मुख्य रूप से दो स्लैब-5 और 18 प्रतिशत-में रहेगा। खाद्य पदार्थ, दवाइयां, साबुन, टूथपेस्ट और बीमा सेवाएं अब कर-मुक्त या 5 प्रतिशत दर पर होंगी। पहले 12 प्रतिशत कर वाली वस्तुओं को भी लगभग 5 प्रतिशत की श्रेणी में ला दिया गया है। प्रधानमंत्री ने खुशी जताई कि व्यापारी 'पहले और अब' बोर्ड लगाकर उपभोक्ताओं को घटे कर का फर्क बता रहे हैं। मोदी ने कहा कि आयकर में छूट और नए जीएसटी सुधार मिलाकर देशवासियों को लगभग 2.5 लाख करोड़ रुपये की वार्षिक बचत होगी। इससे मकान बनाना, गाड़ी खरीदना, उपकरण लेना, बाहर भोजन करना और परिवार के साथ छुट्टियां मनाना आसान होगा। उन्होंने कहा कि 2017 में जीएसटी लागू होने से देश को कई करों के जंजाल से मुक्ति मिली थी और 'एक राष्ट्र, एक कर' की दिशा में मजबूती आई।




## प्रकृति संरक्षण हमारे सुनहरे भविष्य का आधार हैं

आजकल जलवायु से सम्बंधित विषयों जैसे प्रकृति, पर्यावरण, पृथ्वी, जीव जंतु, वनस्पति, पेड़-पौधे आदि आदि पर विभिन्न देशी और वैश्विक शोध रिपोर्टों से अखबार भरे मिलते है। लगभग हर रिपोर्ट में जलवायु में बदलाव के खतरों से लोगों को निरंतर सावचेत किया जाता है। गर्मी हो या सर्दी अथवा बसंत सभी ऋतुओं में हो रहे परिवर्तन हमारे लिए लाभदायक है या हानिकारक इसकी जानकारी दी जाती है। आज यहाँ हम बात कर रहे है प्रकृति के भले बुरे की। प्रकृति से हमारा तात्पर्य जल, जंगल और जमीन से है। यह मानने और स्वीकारने में कोई गुरेज नहीं होनी चाहिए कि प्रकृति का संरक्षण हमारे सुनहरे भविष्य का आधार है। मनुष्य जन्म से ही प्रकृति और पर्यावरण के सम्पर्क में आ जाता है। प्राणी जीवन की रक्षा हेतु प्रकृति की रक्षा अति आवश्यक है। वर्तमान समय में विभिन्न प्रजाति के जीव जंतु, वनस्पतियां और पेड़-पौधे विलुप्त हो रहे हैं जो प्रकृति के संतुलन के लिए बहुत ही भयावह है। मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समय समय पर प्रकृति का दोहन करता चला आ रहा है। अगर प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें शुद्ध पानी, हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध पर्यावरण वातवरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। प्रकृति हमारे जीवन का आधार है। विभिन्न प्राकृतिक संसाधन जैसे कि जल, वन्यजीवन, वन, खेती, वायु आदि हमारी जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारी सांसें जल से भरी हुई हैं और हमारी खाद्य आपूर्ति भी खेती द्वारा उत्पन्न होती है। इसलिए, हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने की जरूरत है ताकि हम समृद्धि और सुख-शांति के साथ जीवन जी सकें। प्रकृति के संरक्षण का अर्थ है कि वनों, भूमि, जल निकायों का संरक्षण और खनिजों, ईंधन, प्राकृतिक गैसों आदि जैसे संसाधनों का संरक्षण, यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये सभी प्रचुर मात्रा में उपलब्ध रहें। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे आम आदमी प्रकृति के संरक्षण में मदद कर सकता है। इनमें से कुछ ऐसे हैं जो आसानी से किए जा सकते हैं और एक बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। प्रकृति के संरक्षण से अभिप्राय जंगलों, भूमि, जल निकायों की सुरक्षा से है तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण खनिजों, ईंधन, प्राकृतिक गैसों जैसे संसाधनों की सुरक्षा से है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ये सब प्रचुर मात्रा में मनुष्य के उपयोग के लिए उपलब्ध रहें। ऐसे कई तरीके हैं जिससे आम आदमी प्रकृति के संरक्षण में मदद कर सकता है। यहां कुछ ऐसे ही तरीकों का विस्तृत वर्णन किया गया है जिससे मानव जीवन को बड़ा लाभ हो सकता है।

पृथ्वी के पास हर इंसान की जरूरत पूरी करने के लिए काफी कुछ है, लेकिन उसके लालच को पूरा करने के लिए नहीं हैं। पृथ्वी पर पानी, हवा, मिट्टी, खनिज, पेड़, जानवर, पौधे आदि हर किस्म की जरूरत के लिए संसाधन है। लेकिन औद्योगिक विकास की होड़ में हम पृथ्वी को सफाई और उसके ही स्वास्थ्य को नजरअंदाज करने लगे हैं। हम कुछ भी करने से पहले यह बिलकुल नहीं सोचते कि हमारी उस गतिविधि से प्रकृति को कितना नकुसान होगा। प्रकृति का संरक्षण प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से सबंधित है। इनमें मुख्यतः पानी, धूप, वातावरण, खनिज, भूमि, वनस्पति और जानवर शामिल हैं। प्रकृति हमें पानी, भूमि, सूर्य का प्रकाश और पेड़-पौधे प्रदान करके हमारी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करती है। इन संसाधनों का उपयोग विभिन्न चीजों के निर्माण के लिए किया जा सकता है जो निश्चित ही मनुष्य के जीवन को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक बनाते हैं। धरती के तापमान में लगातार बढ़ते स्तर को ग्लोबल वार्मिंग कहते है। वर्तमान में ये पूरे विश्व के समक्ष बड़ी समस्या के रुप में उभर रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि धरती के वातावरण के गर्म होने का मुख्य कारण का ग्रीनहाउस गैसों के स्तर में वृद्धि है। इसे लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है जिससे प्रकृति पर खतरा बढ़ता जा रहा है। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। कहते है प्रकृति संरक्षित होगी तो मानव जीवन भी सुरक्षित होगा। प्रकृति हमारी धरोहर है, इसकी रक्षा करना हमारा कर्त्तव्य है। प्रकृति ने हमें जीव जंतुओं सहित सूर्य, चाँद, हवा, जल, धरती, नदियां, पहाड़, हरे-भरे वन और खनिज सम्पदा धरोहर के रूप में दी हैं। मनुष्य अपने निहित स्वार्थ के कारण प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रहा है। बढ़ती आबादी की समस्या के लिए आवास समस्या को हल करने के लिए हरे-भरे जंगलों को काट कर ऊंची-ऊंची इमारतें बनाई जा रही हैं। वृक्षों के कटने से वातावरण का संतुलन बिगड़ गया है और ग्लोबल वार्मिंग की समस्या पूरे विश्व के सामने भयंकर रूप से खड़ी है। खनिज-सम्पदा का अंधाधुंध प्रयोग किया जा रहा है। जीव-जंतुओं का संहार किया जा रहा है, जिसके कारण अनेक दुर्लभ प्रजातियां लुप्त होती जा रही हैं।

–बाल मुकुन्द ओझा

# सर्वत्र सिद्धि और विजय प्राप्ति की देवी ब्रह्मचारिणी

**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।**

भगवती दुर्गा की नौ शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है। ब्रह्म का अर्थ है, तपस्या। तप का आचरण करने वाली भगवती। जिस कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया, वेदस्तत्त्वं तपो ब्रह्म- वेद, तत्व और तप। श् ब्रह्म श् शब्द का अर्थ है ब्रह्मचारिणी देवी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिर्मय एवं अत्यन्त भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला एवं बाएं हाथ में कमण्डल रहता है। अपने पूर्व जन्म में ये राजा हिमालय के घर पुत्री रुप में उत्पन्न हुई थी। भगवान शंकर को पति रुप में प्राप्त करने के लिए इन्होंने घोर तपस्या की थी। अपने तप और योग के बल पर देवी-देवता भी विशेष शक्तियां अर्जित करते हैं। उन्हीं शक्तियों से वे आसुरी शक्तियों का नाश करते हैं जिससे देवों का वर्चस्व और मानव का कल्याण होता है। मां दुर्गा का यह दूसरा स्वरुप भक्तों और सिद्धों को अनन्त फल देने वाला कहा गया है। मां ब्रह्मचारिणी देवी की कृपा से सारी सिद्धियों की प्राप्ति होती है एवं विजयश्री हासिल होती है।

### ध्यान

**वन्दे वांच छि लाभायचन्द्रर्धकृतशेखराम्।**
**जपमालाकमण्डलुधराब्रह्मचारिणी शुभाम्घ्**
**गौरवर्णास्वाधिष्ठानास्थितांद्वितीय दुर्गा त्रिनेत्राम्।**
**धवल परिधानांब्रह्मरूपांपुष्पालंकारभूषिताम्घ्**
**पद्मवंदनापल्लवाराधराकातंकपोलांपीन पयोधराम्।**
**कमनीयांलावण्यांस्मेरमुखीनिम्न नाभि नितम्बनीम्घ्**

### स्त्रोत-पाठ

**तपश्चारिणीत्वंहितापत्रयनिवारिणीम्।**
**ब्रह्मरूपधराब्रह्मचारिणी प्रणमाम्यहम्घ्**
**नवचक्रभेदनी त्वंहिनवऐश्वर्यप्रदायनीम्।**
**धनदासुखदा ब्रह्मचारिणी प्रणमाम्यहम्घ्**
**शंकरप्रियात्वंहिभुक्ति-मुक्ति दायिनी।**
**शान्तिदामानदा, ब्रह्मचारिणी प्रणमाम्यहम्।**

### कवच

**त्रिपुरा में हृदयेपातुललाटेपातुशंकरभामिनी।**
**अर्पणासदापातुनेत्रोअर्धरोचकपोलोघ्**
**पंचदशीकण्ठेपातुमध्यदेशेपातुमहेश्वरीघ्**
**षोडशीसदापातुनाभोगृहोचपादयो।**
**अंग प्रत्यंग सतत पातुब्रह्मचारिणीघ्**

### माँ ब्रह्मचारिणी



माँ ब्रह्मचारिणी को समस्त विद्याओं की ज्ञाता हैं। इनकी आराधना से अनंत फल की प्राप्ति और तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम जैसे गुणों की वृद्धि होती है। ब्रह्मचारिणीश् का अर्थ हुआ, तप की चारिणी यानी तप का आचरण करने वाली। माँ का स्वरूप श्वेत वस्त्र पहने दाएं हाथ में अष्टदल की माला और बाएं हाथ में कमंडल लिए हुए सुशोभित है। देवी ब्रह्मचारिणी अपने पूर्व जन्म में पार्वती स्वरूप में थीं। वह भगवान शिव को पाने के लिए 1000 साल तक सिर्फ फल खाकर रहीं और 3000 साल तक शिव की तपस्या सिर्फ पेड़ों से गिरी पत्तियां खाकर की। कड़ी तपस्या के कारण उन्हें ब्रह्मचारिणी कहा गया।

### उपासना मंत्र

**दधाना कपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू।**
**देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।**

### फल एवं उपासना

दुर्गा पूजा के दूसरे दिन इन्हीं के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'स्वाधिष्ठान 'चक्र में शिथिल होता है। इस चक्र में अवस्थित मनवाला योगी उनकी कृपा और भक्ति प्राप्त करता है। इस दिन ऐसी कन्याओं का पूजन किया जाता है कि जिनका विवाह तय हो गया है लेकिन अभी शादी नहीं हुई है। इन्हें अपने घर बुलाकर पूजन के पश्चात भोजन कराकर वस्त्र, पात्र आदि भेंट किए जाते हैं। इस दिन साधक कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने के लिए भी साधना करते हैं। जिससे उनका जीवन सफल हो सके और अपने सामने आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा का सामना आसानी से कर सकें।

प्रत्येक भक्त के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। माँ जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इस मंत्र का जाप करना चाहिए।

**या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**

हे माँ! सर्वत्र विराजमान और ब्रह्मचारिणी के रूप में प्रसिद्ध अम्बे मैं आपको बारंबार प्रणाम करता हूँ।

# जीएसटी बचत उत्सव से देश में उत्साह का माहौल



रोहित माहेश्वरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 21 सितंबर को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन से, देश में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म लागू हो रहे हैं। उन्होंने इस बदलाव को 'जीएसटी बचत उत्सव' का नाम दिया और कहा कि ये सुधार हर वर्ग के लिए राहत लेकर आएंगे। गरीब, मध्यमवर्ग, युवा, महिलाएं, व्यापारी, दुकानदार और उद्यमी, सभी को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने इस विशेष संबोधन में स्वदेशी अपनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे स्वतंत्रता संग्राम के समय 'स्वदेशी आंदोलन' ने भारत को नई दिशा दी थी, वैसे ही आज भारत की समृद्धि भी स्वदेशी से ही आएगी। उन्होंने कहा कि हमें जानना चाहिए कि हमारी रोजमर्रा की चीजें देसी हैं या विदेशी, और हमें हर संभव कोशिश करनी चाहिए कि हम देश में बना सामान खरीदें और इस्तेमाल करें।

देश के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के एमएसएमई और लघु कुटीर उद्योगों से अपील की कि वो इस बदलाव का भरपूर फायदा उठाएं। जीएसटी की दरें कम होने और प्रक्रियाएं आसान होने से इन उद्योगों की बिक्री बढ़ेगी, टैक्स कम देना पड़ेगा और उनका मुनाफा भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अब वक्त है कि भारत के उत्पाद गुणवत्ता में दुनिया को टक्कर दें और मेड इन इंडिया को एक मजबूत ब्रांड बनाएं।

हालिया दिनों में जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई थी। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सके। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं।

माना जा रहा है कि सरकार की सोच है कि आर्थिक सुधारों के जरिये घरेलू उपभोग व निवेश को बढ़ाया जाए। निस्संदेह, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। यही वजह है कि कुछ अर्थशास्त्री जीएसटी दरों को घटाने को साहसी व दूरदर्शी कदम बताते हैं, जो उपभोक्ता के उपभोग को बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने एक जुलाई 2017 को पूरे देश में जीएसटी लागू किया था। उसके बाद समय-समय पर विभिन्न उत्पादों की दरों में परिवर्तन किए जाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्षी दलों द्वारा शासित सरकारें कई उत्पादों पर जीएसटी दरें तार्किक बनाने की मांग करती रही हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर घटाने की मांग की थी। इतना ही नहीं, कुछ उद्योगों, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों व जन-स्वास्थ्य से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादकों द्वारा जीएसटी कम करने की मांग की जाती रही है। इसी तरह किसान संगठन भी कृषि उत्पादों पर कर कम करने की मांग करते रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर जीएसटी दरों में बदलाव की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। उनका मानना है कि इसकी पृष्ठभूमि में ट्रंप के टैरिफों को कम करने की कवायद भी है ताकि घरेलू उपभोग बढ़ाया जा सके और सस्ते निर्यात को बढ़ावा मिल सके। कालांतर इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकेगी। इसका संकेत प्रधानमंत्री ने पंद्रह अगस्त को लाल किले से संबोधन में भी दिया था। वहीं आगामी वर्ष मार्च में राज्यों को राहत देने वाले कम्पन्सेशन सेस की समाप्ति से पहले राज्यों को राहत देने के लिये भी यह कदम उठाया गया हो सकता है। निस्संदेह, इस कदम से सरकारी खजाने में जीएसटी कम आएगा, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ मानते हैं कि विलासिता की वस्तुओं पर चालीस फीसदी का जीएसटी सरकार के घाटे की पूर्ति में किसी हद तक मदद करेगा। फिर भी कहा जा रहा है कि सरकार को अड़तालीस हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है, लेकिन चीजें सस्ती होने पर उपभोग वृद्धि से सरकार को राहत मिल सकती है।

अर्थशास्त्री लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले असंगठित क्षेत्र को आर्थिक सुधारों का लाभ दिया जाना चाहिए। बहरहाल, इतना तय है कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ता मांग में वृद्धि होगी तो अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। आम आदमी कम पैसे में ज्यादा सामान खरीद पाएगा। वैसे यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं।

यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपए तक की खपत बढ़ सकती है।

बीती 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के एक कार्यक्रम को को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अगर जीएसटी में हुए इस रिफॉर्म्स का अगर मैं सार बताऊं, तो यही कह सकता हूं कि इससे भारत की शानदार अर्थव्यवस्था में पंचरत्न जुड़े हैं। पहला, टैक्स सिस्टम कहीं अधिक सिंपल हुआ। दूसरा, भारत के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ और बढ़ेगी। तीसरा, कंजम्शन और ग्रोथ दोनों को नया बूस्टर मिलेगा और चौथा, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से निवेश और नौकरी को बल मिलेगा और पांचवां, विकसित भारत के लिए को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म यानी राज्यों और केंद्र की साझेदारी और मजबूत होगी।

अपने ताजा संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से भी आग्रह किया कि वे आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी आंदोलन के साथ मिलकर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दें, निवेश के लिए अच्छा माहौल बनाएं और भारत को तेजी से विकास के पथ पर आगे ले जाएं। उन्होंने कहा कि जीएसटी में बदलाव और इनकम टैक्स में राहत से देश की जनता को सालाना ढाई लाख करोड़ रुपये की बचत होगी, और यही कारण है कि इसे एक 'बचत उत्सव' कहा जा रहा है। निस्संदेह यह सही दिशा में उठाया गया एक कदम है। लेकिन यह कितना लाभ आम आदमी को पहुंचाएगा, इस बात पर निर्भर करेगा कि सुधार को कितनी निरंतरता और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाता है। –स्वतंत्र पत्रकार

# विदेश की खबरें

## न्यूयार्क में जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने द्विपक्षीय वार्ता की



**न्यूयॉर्क :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को द्विपक्षीय चर्चा के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत ऐसे समय हुई जब संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) का उच्च-स्तरीय 80वां सत्र शुरू होने वाला है। लोटे न्यूयॉर्क पैलेस में रुबियो और जयशंकर के बीच यह बैठक रूस से तेल की खरीद को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने के बाद, आमने-सामने की पहली मुलाकात है। इसके साथ ही भारत पर अमेरिका द्वारा लगाया गया शुल्क बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है। दोनों नेता पिछली बार जुलाई में वाशिंगटन डीसी में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए मिले थे। यह द्विपक्षीय बैठक ऐसे दिन हुई, जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने को लेकर भी बातचीत होने वाली है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को न्यूयॉर्क में अमेरिकी पक्ष से मुलाकात करेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "प्रतिनिधिमंडल का उद्देश्य पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के लिए चर्चा को आगे बढ़ाना है।" बयान में कहा गया है कि 16 सितंबर को अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय के अधिकारियों की भारत यात्रा के दौरान व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई थी और इस संबंध में प्रयास तेज करने का निर्णय लिया गया था।

## रूस 2026 तक भारत को एस-400 मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति पूरी कर देगा

**मॉस्को :** भारत के साथ 2018 में हस्ताक्षरित 5.43 अरब डॉलर के सौदे के तहत रूस अगले साल एस-400 ट्रायम्फ वायु रक्षा प्रणालियों की आपूर्ति पूरी कर देगा। सोमवार को मीडिया की एक खबर से यह जानकारी मिली। सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने एक रक्षा सूत्र के हवाले से बताया, रूस 2026 में भारत को पांच एस-400 ट्रायम्फ वायु रक्षा प्रणालियों की आपूर्ति का अनुबंध पूरा करेगा। इनमें से चार प्रणालियों की अभी तक आपूर्ति की जा चुकी हैं और पांचवीं अगले साल आपूर्ति की जाएगी। पूर्व की खबरों के अनुसार, अमेरिकी प्रतिबंधों के खतरे को नजरअंदाज करते हुए 5.43 अरब अमेरिकी डॉलर (40,000 करोड़ रुपये) के इस सौदे पर औपचारिक रूप से 5 अक्टूबर, 2018 को हस्ताक्षर किए गए थे। मार्च 2021 में, तत्कालीन अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भारत द्वारा रूस से एस-400 वायु मिसाइल प्रणाली की योजनाबद्ध खरीद पर चर्चा की और चेतावनी दी थी कि एस-400 की खरीद से प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिनिधि के रूप में 'रेड स्क्वायर' पर विजय दिवस परेड में भाग लेने के लिए मॉस्को की अपनी यात्रा के दौरान स्थानीय भारतीय समुदाय से कहा था कि मई में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एस-400 वायु रक्षा मिसाइलें बहुत प्रभावी साबित हुईं।

## पाकिस्तानी फौज ने अपने ही देश में की एयरस्ट्राइक

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की वायु सेना ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हवाई हमले किए है। इस हमले में महिलाओं और बच्चों सहित तीस लोग मारे गये हैं। पाकिस्तानी युद्धक विमान जे. एफ-17 ने सोमवार रात लगभग दो बजे तिराह घाटी में स्थित मत्रे दारा गांव में आठ एल. एस-6 बम गिराए, इस कारण कई लोगों की मृत्यु हुई। घटनास्थल के झकझोर देने वाले वीडियो और तस्वीरों में बच्चों सहित कई शव दिख रहे हैं। खबरें बताती हैं कि विनाशकारी दृश्यों में घरों और सड़कों पर शव बिखरे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इन आरोपों की जांच की मांग की है और नागरिकों की सुरक्षा तथा किसी भी उल्लंघन के लिए जवाबदेही तय करने का आग्रह किया है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 सितम्बर, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आश्विन शुक्लपक्ष द्वितिया, 28:51 तक, नक्षत्र : हस्त, 13:36 तक, योग : ब्रह्मा, 20:15 तक, सूर्योदय: 5:25, सूर्यास्त: 17:34, चन्द्रोदय : 06:28, चन्द्रास्त: 18:17, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कन्या, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 14:28 से 15:58

## राशिफल

**मेष :** व्यापार और नौकरी के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है। आपके द्वारा किए गए प्रयास सफल रहेंगे और इनसे अच्छे परिणाम भी प्राप्त होंगे। कुछ लोगों से सावधान रहने की भी जरूरत है।

**वृष :** आर्थिक मामलों में आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है और भाग्य का भी साथ मिलेगा। व्यापार में त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति बन सकती है। आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन :** कार्यक्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ कोई भी काम करना आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा। शांति और संयम के अपने प्रोजेक्ट पर मेहनत करने से सकारात्मक परिणाम जरूर प्राप्त होंगे।

**कर्क :** आपको कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याओं और बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में सोच-समझकर निर्णय लेने जरूरी होंगे। स्वास्थ्य से जुड़ी कोई परेशानी भी हो सकती है।

**सिंह :** अगर कारोबार में किसी समस्या का सामना कर रहे थे तो अब स्थिति में सुधार आ सकता है। वहीं, कार्यक्षेत्र में कामकाज सामान्य चलेगा। परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में आपको सही और गलत लोगों के बीच में पहचान करनी होगी। अन्यथा कोई व्यक्ति आपकी अच्छाई का लाभ भी उठा सकता है। दूसरों की मदद करने के लिए आगे बढ़ेंगे।

**तुला :** शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को अपनी परीक्षा या किसी प्रतियोगिता के लिए तैयार रहना होगा तभी सफलता हासिल होगी। नौकरी करने वालों का दिन अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक :** कार्यक्षेत्र में कुछ काम आपकी सोच से विपरीत हो सकते हैं, जिससे मन निराश रहेगा। वहीं, किसी खास व्यक्ति से आपको धोखा भी मिल सकता है। ऐसे में सावधान रहना जरूरी होगा।

**धनु :** अगर लंबे समय से आपके छोटे-छोटे काम बिगड़ रहे थे तो अब वे बनने शुरू हो सकते हैं। स्थिति में सुधार आने से आपका तनाव कम होगा। आपको छोटे-छोटे लाभ भी मिल सकते हैं।

**मकर :** आपके बौद्धिक क्षमता में वृद्धि होगी और यात्राओं के दौरान कोई जरूरी जानकारी भी प्राप्त हो सकती है। कामकाज के सिलसिले में मुलाकात कुछ अच्छे लोगों से हो सकती है।

**कुम्भ :** कार्यक्षेत्र में आपको अपने सभी जरूरी कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। इसके लिए अत्यधिक मेहनत भी करनी पड़ सकती है। जल्दबाजी करने से नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन :** आपके स्वास्थ्य में कुछ गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं, दिन की शुरुआत में कार्यक्षेत्र में कई सारे काम आपके अधूरे रह सकते हैं, जिन्हें पूरा करना आवश्यक होगा।

## वर्ग पहेली नं. 3216

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | ■ |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | | ■ | 8 |
| | ■ | | ■ | 9 | | 10 | | | |
| 11 | 12 | | 13 | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| ■ | | ■ | 14 | 15 | 16 | ■ | 17 | | |
| 18 | | ■ | 19 | | | 20 | | ■ | ■ |
| ■ | 21 | 22 | ■ | | ■ | 23 | | 24 | ■ |
| 25 | ■ | 26 | | | ■ | ■ | 27 | | 28 |
| 29 | | | ■ | 30 | | | ■ | 31 | |

*बायें से दायें:-* 1) पति, पत्नी और बच्चों का समूह, 4) लूट; फिरौती; अपहरण, 6) प्रस्थान, 9) झुनझुनी; सनसन की आवाज़, 11) कभी कभी 14) छुटकारा, 17) एक धर्मग्रंथ, 18) डोंगा; नौका, 19) अधिक भीगा हुआ, 21) स्थिर दृष्टि, 23) अफ़वाहबाज़, 26) खत्म; कुल; संपूर्ण, 27) नदी, 29) एक पक्षी, 30) क्यों, 31) पौधों का डंठल.

*ऊपर से नीचे:-* 1) मृदंग के आकार का एक छोटा चर्मवाद्य, 2) हादसा, 3) दरदरा आटा, 4) रंगयुक्त, 5) छोड़ना *(बंदूक की गोली)*, 7) नाड़ी, 8) टाट; जूट, 10) जुड़ा, 12) गठन, 13) वरयात्रा, 15) बहुउपयोगी, 16) बाद में, 17) बलिदान, 20) पेंदा, 22) फाँक, 24) कृति; बनावट, 25) इस समय, 28) चेहरे का एक कोमल भाग.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शा | ■ | अ | धू | रा | ■ | ■ | रा | ष्ट्री | य |
| य | ■ | द | ■ | स | ना | त | नी | ■ | शे |
| द | ल | द | ल | ■ | ज़ | रा | ■ | स | दा |
| ■ | प | ■ | गा | ढ़ा | ■ | ना | दा | न | ■ |
| मो | ल | भा | व | ■ | स | ■ | ■ | द | शा |
| ■ | पा | ■ | ■ | स | मा | धा | न | ■ | री |
| अ | ना | या | स | ■ | ज | वा | न | ■ | रि |
| जी | ■ | ■ | क | ड़ | वा | ■ | द | स्त | क |
| ब | र्ब | र | ता | ■ | दी | क्षा | ■ | ब्ध | ■ |

## सुडोकू-पहेली-3173

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 9 | | | |
| | | 1 | | | | 7 | | 6 |
| | | 6 | | | 4 | | | |
| 8 | | | 1 | | | 3 | | |
| | | 9 | | 2 | | | | |
| | 5 | 7 | | 3 | | | | |
| | | | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | 9 | |
| 7 | 1 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3172 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 6 |
| 7 | 1 | 8 | 3 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 9 | 8 |
| 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 4 | 9 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 1 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 3 |

# पूजा गाइड मैप लोकार्पण कर अभिषेक बनर्जी ने जीएसटी को लेकर पीएम मोदी पर साधा निशाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व तृणमूल के सर्वभारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी डायमंड हार्बर पुलिस जिला कार्यालय में सोमवार को दुर्गा पूजा गाइड मैप का लोकार्पण कर जीएसटी के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। अभिषेक बनर्जी ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार पर कड़ा प्रहार किया। केंद्र की जीएसटी घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए अभिषेक ने कहा कि हीरे पर जीएसटी नहीं है, लेकिन जीरा, दस्ताने, पेन सब पर जीएसटी है। सांसद ने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदीजी कहते हैं कि



जीएसटी में छूट दी गई है। मैं पूछता हूं, तो क्या 2017 से 8 साल तक देश में जीएसटी लूट उत्सव चल रहा है? यह बिल्कुल स्पष्ट है कि यह दबाव में किया गया था। भाजपा 303 से घटकर 240 सीटों पर आ गई है, इसलिए जीएसटी भी 27 से 18 प्रतिशत करने के लिए मजबूर किया गया है। इससे यह स्पष्ट है कि अगर बीजेपी हारती है, तो कर कम हो जाएंगे, और अगर वह जीतती है, तो वे बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने 2026 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए इस जीएसटी बिल को कम करने का फैसला किया है। पिछले एक दशक के केंद्रीय शासन पर अपना गुस्सा व्यक्त करते हुए, अभिषेक ने व्यंग्य किया कि उनकी स्थिति यह है कि एक बिल्ली तब तक पेड़ पर नहीं चढ़ सकती जब तक वह किसी गड्ढे में न गिर जाए। इसने पिछले 10 वर्षों में देश को रसातल में धकेल दिया है। जीएसटी वसूलने के बाद विपक्षी राज्यों का पैसा रोकना भाजपा की पुरानी आदत है। जनता इसका जवाब देगी। अभिषेक बनर्जी ने बंगाल के 'अधिकारों' का मुद्दा उठाकर भाजपा को चुनौती दी। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा से पूछ रहा हूं - उसने बंगाल से कितना पैसा लिया और बदले में बंगाल को कितना पैसा लौटाया? उसने उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद 100 दिन के काम का पैसा नहीं दिया। इसके बजाय, वे अदालत का सहारा ले रहे हैं और बहाने बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नहीं चाहते कि बंगाल के 69 लाख लोगों को 100 दिन के काम का हक़ मिले और न ही वे चाहते हैं कि गरीब पूजा के लिए कपड़े खरीद सकें। जीएसटी छूट पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने दबाव में जीएसटी कम किया है। मैं आपको बता रहा हूं, इसे और कम किया जाएगा। अगर उन्हें लोगों के बारे में सोचा होता, तो वे इसे पहले ही कम कर सकते थे। लेकिन उन्होंने सोचा कि वे धर्म के ज़रिए देश चलाएंगे। अब वह खेल भी बंद हो गया है। इसीलिए वे अयोध्या में भी हार गए।' ईडी-सीबीआई पर निशाना साधते हुए अभिषेक ने कहा कि 'प्रधानमंत्री ने कहा था कि ईडी-सीबीआई द्वारा ज़ब्त किया गया पैसा आम लोगों को लौटाया जाएगा। वह पैसा कहां गया?

## गार्डेनरीच में युवक की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में रविवार को चारू मार्केट इलाके में गोलीबारी की घटना के बाद सोमवार की सुबह गार्डेनरीच में एक युवक का शव बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुबह करीब 9.45 बजे डिसी पोर्ट कार्यालय के पास लोगों ने गोली चलने की आवाज सुनी। मौके पर पहुंचने पर सड़क किनारे युवक का खून से लथपथ शव देखा और तत्काल वेस्ट पोर्ट थाने को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। प्राथमिक जांच में युवक के सिर में गोली लगने की पुष्टि हुई है। मृतक के पास से एक रिवॉल्वर और एक बैग बरामद हुआ है। पुलिस बैग के जरिये युवक की पहचान पता करने का प्रयास कर रही है। इस संबंध में पुलिस का मानना है कि इसके पीछे हत्या की साजिश हो सकती है। आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने हत्या के बाद युवक के हाथ में हथियार रख दिया ताकि इसे आत्महत्या का रूप दिया जा सके। हालांकि, पुलिस आत्महत्या से इनकार भी नहीं कर रही है।

## युवती की रहस्यमयी मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के टेंगरा के कैनाल साउथ रोड स्थित एक आवासीय परिसर के 25वें तल से गरिमा लोध (29) ने सोमवार की सुबह लगभग 7.30 बजे कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। सुरक्षा कर्मी अचानक आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और युवती का शव पाया। पुलिस के अनुसार, गरिमा अपने परिवार के साथ फ्लैट में रहती थीं। पिछली रात उन्होंने परिवार के साथ भोजन किया था, लेकिन सुबह अचानक वे खिड़की से कूद गईं। उनके कमरे से आधी शराब की बोतल और कुछ निजी सामान बरामद हुए हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि मानसिक दबाव और अवसाद के चलते उन्होंने यह कदम उठाया।

### बंगाल में बीएलओ को सख्त हिदायत

## हस्तक्षेप की शिकायत सीधे मुख्य निर्वाचन अधिकारी को करें

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में अगले महीने चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) का दफ्तर पूरी सतर्कता बरत रहा है। इस प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों को सुरक्षा और आचरण संबंधी विशेष निर्देश दिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, बूथ लेवल अधिकारियों को साफ हिदायत दी गई है कि अगर उन्हें ड्यूटी के दौरान किसी भी राजनीतिक दल, प्रशासनिक तंत्र या किसी अन्य व्यक्ति की ओर से दखल, विरोध या सहयोग न करने जैसी स्थिति का सामना करना पड़े, तो वे तुरंत इसकी सूचना मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय को दें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मामले की गंभीरता और तात्कालिकता के आधार पर कार्रवाई करेंगे और जरूरत पड़ने पर इस संबंध में चुनाव आयोग के दिल्ली मुख्यालय को रिपोर्ट भेजेंगे। आयोग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति, चाहे वह राजनीतिक हो या प्रशासनिक, बूथ लेवल अधिकारियों के काम में बाधा डालते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी का दफ्तर सुरक्षा इंतजामों की भी गहन समीक्षा करेगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि बूथ लेवल अधिकारियों को फील्ड विजिट के दौरान पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जाए। अगर सुरक्षा इंतजाम में किसी तरह की लापरवाही पाई जाती है, तो इसे तुरंत चुनाव आयोग के संज्ञान में लाया जाएगा और आयोग उसके अनुसार कदम उठाएगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

उप सीएसटीई/प्रोजेक्ट (केजीपी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर, भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा सूचना संख्या एसटी-प्रोज-केजीपी-बिल्डिंग-6ईआई दिनांक 17.09.2025; कार्य के नाम और उसके स्थान का संक्षिप्त विवरण:** श्यामचक, बालिचक, हौर, भोगपुर, फुलेश्वर और मौरिग्राम फ्लाईओवर ब्लॉक हट में पुराने इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने के लिए ईआई बिल्डिंग और गूमटियों का निर्माण। इसमें खड़गपुर डिवीजन में नलपुर, उलुबेड़िया, बागनान और भोगपुर के साथ-साथ इन स्टेशनों के कुछ क्षेत्रों में कंक्रीट केबल डक्ट का निर्माण भी शामिल है; **कार्यों की अनुमानित लागत:** ₹15,94,55,178.16; **बयाना राशि:** ₹ 9,47,300.00; **ई-निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 20.10.2025 को 15:00 बजे; वेबसाइट जिस पर निविदा प्रकाशित की गई है: www.ireps.gov.in। (PR-649)

**मालीगॉव में एसएंडटी सहयोगी कार्य**

**ई-निविदा सूचना संख्या. 09 of 2025-26।** नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदा आमंत्रित किया गया हैं। **निविदा संख्या. N-2025-26-09-Dy.CSTE-NW। कार्य का नाम:** "पूर्वोत्तर सीमा रेलवे खेल संस्था का इनडोर स्टेडियम का नवीकरण सहित शौचालय एवं परिसंचारी इलाके का सुधार एवं एकीकृत एसी के साथ संबंधित सिविल इंजीनियरिंग" कार्य के साथ संबंधित एसएंडटी सहयोगी कार्य। **निविदा राशि:** ₹38,24,361/-। **धरोहर राशि:** ₹76,500/-। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 10-10-2025 तारीख के 15.00 बजे में **एवं खुलेगी:** 10-10-2025 तारीख के 15.30 बजे में। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूर्ण www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

वरिष्ठ सिगनल एंड टेलिकम अभियंता/नेटवॉर्क, मालीगॉव

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

## ऑपरेशन सिंदूर भी जारी है और खेल भी, सरकार के लिए 'जंग' का मतलब स्पष्ट नहीं : अधीर चौधरी

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने सोमवार को केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला। अधीर रंजन ने कहा कि रक्षा मंत्री ने हाल ही में बयान दिया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है और अधिकृत जम्मू कश्मीर को वापस लेने के लिए कार्रवाई चल रही है। लेकिन, वहीं, दूसरी ओर, हिंदुस्तान और पाकिस्तान के बीच आपसी खेल और क्रिकेट जैसी गतिविधियां भी जारी हैं, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि वास्तव में जंग का क्या मतलब है। अधीर रंजन ने कहा कि अधिकृत कश्मीर को लेकर संसद में 1993 में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसका उद्देश्य था कि जम्मू-कश्मीर के अधिकृत



हिस्सों पर भारत का नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या केंद्र सरकार वास्तव में इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है या केवल बयानबाजी तक सीमित है। अधीर रंजन ने कहा कि कम से कम इतना तो किया जाना चाहिए कि अधिकृत जम्मू-कश्मीर से एक प्रतीकात्मक कदम उठाया जाए, ताकि जनता को विश्वास हो कि सेना और सरकार वास्तव में स्थिति पर नियंत्रण रखती हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर अधिकृत जम्मू-कश्मीर से एक सेब तोड़कर भारत में लाया जाए, तो कम से कम जनता यह मान सकती है कि रक्षा मंत्री और सरकार अपने दावों में सक्षम हैं। अधीर रंजन ने इस बात पर भी चिंता जताई कि केंद्र सरकार की नीतियां केवल घोषणाओं और मीडिया बयान तक सीमित रहती हैं, जबकि वास्तविक कार्रवाई में देरी होती है। उन्होंने रक्षा मंत्री से अपील की कि जम्मू-कश्मीर के अधिकृत हिस्सों पर भारत की पकड़ को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाएं और जनता को भी दिखाएं कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति सरकार गंभीर है।

## शुभेंदु अधिकारी ने मृत संजय भौमिक के परिजनों से की मुलाकात



❑ **भाजपा नेता ने ममता सरकार पर बोला हमला**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के नवद्वीप में तृणमूल बदमाशों द्वारा भाजपा कार्यकर्ता संजय भौमिक की हत्या के मामले में राज्य के विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी मृतक के परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान, उन्होंने पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। बता दें कि बीते विश्वकर्मा पूजा की रात नवद्वीप में एक भाजपा कार्यकर्ता की तृणमूल से जुड़े बदमाशों ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। सोमवार को शुभेंदु अधिकारी और भाजपा नेता मृतक संजय भौमिक के परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान, उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री और राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी सहित राज्य प्रशासन की आलोचना की। उसके बाद, नवद्वीप में एक विरोध जुलूस और एक विरोध रैली का आयोजन किया गया।

## महालया की रात न्यूटाउन में हादसा, ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के न्यूटाउन ईको पार्क के गेट नंबर दो के पास रविवार की रात एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी ज्योतिष देबनाथ (40 वर्ष) की मौत हो गई। हादसा रात करीब 10.30 बजे हुआ। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक ज्योतिष देबनाथ ईको पार्क थाने में तैनात थे। रविवार की रात वह साइकिल से गश्त कर रहे थे। उनके साथ एक अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद थे। उसी समय चिनार पार्क की ओर तेज रफ्तार में जा रही एक मोटरसाइकिल ने नियंत्रण खोकर खड़े ज्योतिष को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ज्योतिष और उनके साथी दोनों सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों और सहकर्मियों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया,




लेकिन डॉक्टरों ने ज्योतिष को मृत घोषित कर दिया। उनके साथ मौजूद दूसरे पुलिसकर्मी घायल हैं और फिलहाल इलाज चल रहा है। घटना के बाद से ही पुलिस फरार बाइक चालक की तलाश में जुट गई है। बिधाननगर पुलिस के डीसी (न्यूटाउन ज़ोन) मानव सिंगला ने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। बाइक और चालक का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चल रहा है।

## विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश भाजपा सभी 294 सीटों पर नियुक्त करेगी विस्तारक

### लिखित परीक्षा पास करने पर मिलेगा पद

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव 2026 से पहले भाजपा ने राज्यभर में संगठन मजबूत करने करने को लेकर एक बड़ी रणनीति के तहत कार्य शुरू कर दिया है। पार्टी ने सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में 'विस्तारक' (पूर्णकालिक कार्यकर्ता) नियुक्त करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। प्रदेश भाजपा नेताओं के अनुसार, यह प्रक्रिया इस माह के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। शुरुआती प्रशिक्षण के बाद विस्तारक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे। उनका काम होगा जमीनी स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक



परिस्थितियों की जानकारी जुटाना। इन रिपोर्टों के आधार पर पार्टी राज्यभर में चुनाव और प्रचार की रणनीति तय करेगी। भाजपा राज्य समिति के एक सदस्य ने बताया कि प्रारंभिक सूची में करीब 500 नाम शामिल हैं, जिनमें से 294 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अंतिम चयन किया जाएगा। इनमें कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्हें पहले भी विस्तारक के रूप में काम करने का अनुभव है, जबकि कुछ नए चेहरे हैं। इसके अलावा पार्टी ने विस्तारकों के लिए योग्यता भी तय किए हैं। चयनित कार्यकर्ता को संबंधित विधानसभा क्षेत्र का मतदाता होना जरूरी होगा। साथ ही, उसे उस इलाके की सामाजिक, भौगोलिक और राजनीतिक स्थिति की गहरी समझ होनी चाहिए। जाति और धर्म आधारित जनसंख्या का ज्ञान भी अनिवार्य माना गया है। स्नातक युवाओं और पार्टी के इतिहास की अच्छी जानकारी रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो लोग पहले विस्तारक की भूमिका निभा चुके हैं और अच्छा रिकॉर्ड रखते हैं, उन्हें भी वरीयता मिलेगी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एफआरपी-एसआईजी-यूनिट-25-26, दिनांक: 19.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एफआरपी-एसआईजी-यूनिट-25-26 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** मेटलिक सिग्नल यूनिटों के स्थान पर आरडीएसओ विनिर्देश के एफआरपी सिग्नल यूनिटों का प्रावधान। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,30,32,684/-, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 3,15,200/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 19.09.2025 को 18.01 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 30.09.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
HWH-306/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह (नीलामी संचालन अधिकारी), दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल के तहत विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग लॉट के परिचालन के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है जिसके लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-ऑक्शन कैटलॉग प्रकाशित किया गया है। **ऑक्शन कैटलॉग सं. पीएआरके-एसईपी-25-3, नीलामी शुरू :** दिनांक 08.10.2025 को 13.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं., स्थान/स्टेशन** निम्नानुसार हैं: **1. पार्किंग-एसडीएएच-एफएलयू-टीडब्ल्यू-348-25-1,** फुलिया। **2. पार्किंग-एसडीएएच-केएलएनपी-टीडब्ल्यू-181-25-1,** कालीनारायणपुर। **2. पार्किंग-एसडीएएच-एमआईजे-टीडब्ल्यू-129-25-1,** माझदिया। **4. पार्किंग -एसडीएएच-एमजीएम-एमएक्स-363-25-1,** मुड़ागाछा। **5. पार्किंग-एसडीएएच-एमजीएम-एमएक्स-364-25-1,** मुड़ागाछा। प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि ई-नीलामी के बारे में अधिक जानकारी के लिए आईआरईपीएस ई-ऑक्शन मॉड्यूल देखें।
SDAH-204/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**वर्ष 2025 में दुर्गापूजा, दशहरा एवं दिवाली/दीपावली के दौरान कम्प्यूटरीकृत आरक्षण कार्यालय की कार्य-अवधि**

कोलकाता एवं हावड़ा क्षेत्र के तहत 2 पालियों में संचालित होने वाले कम्प्यूटरीकृत आरक्षण कार्यालय **दुर्गापूजा/दशहरा** के अवसर पर **दिनांक 29.09.2025 (सोमवार), 30.09.2025 (मंगलवार), 01.10.2025 (बुधवार)** एवं **02.10.2025 (गुरुवार)** तथा **दिवाली/दीपावली** के अवसर पर **दिनांक 20.10.2025 (सोमवार)** को **सिर्फ एक पाली अर्थात् 08:00 बजे से 14:00 बजे तक** खुले रहेंगे। हालांकि, ऊपरोक्त उल्लेखित तिथियों को हावड़ा, सियालदह एवं कोलकाता टर्मिनल में चालू काउंटरें सामान्य रूप से खुली रहेंगी।

**मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/पीएम**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## वेलिंगटन नागरिक कल्याण समिति समाज को वास्तविक प्रकाश के स्रोत की खोज की ओर बढ़ने की देगा प्रेरणा

❑ **स्थान : चांदनी चौक (फैन मार्केट)**
❑ **पूजा थीम : 'प्रकाश का स्रोत प्रकाश'**
❑ **चेयरमैन : रतन अग्रवाल**
❑ **अध्यक्ष : उमाशंकर जायसवाल**
❑ **सचिव : दिनेश जायसवाल**
❑ **कोषाध्यक्ष : रतन लाल गुप्ता और कृष्णा जायसवाल**

**अरुण गुप्ता**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत वर्ष में हर एक त्योहार को बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। भारत में हर एक पूजा की अपनी एक महत्ता होती है। इसी क्रम में, दुर्गा पूजा पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा व विख्यात त्योहारों में से एक माना जाता है। दुर्गा पूजा, शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व है, जिसे पूरे राज्य में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। महानगर समेत राज्य भर में पूजा को लेकर समितियों में प्रतिस्पर्धा लगी होती है। पूजा का शुभारंभ हो चुका है और पूजा को लेकर लोगों में एक अलग सा उत्साह देखने को मिल रहा है। हर एक पूजा समिति विभिन्न विषयों व मुद्दों पर पंडाल सज्जा व लाइटिंग व अन्य सभी चीजों पर लोगों को आकर्षित करने के लिए विशेष जोर दे रहे है।

❑ **परिचय**

वेलिंगटन नागरिक कल्याण समिति मध्य कोलकाता के बेहतरीन पूजा पंडालों में शुमार है। यह समिति प्रत्येक वर्ष बड़े पैमाने में पूजा आयोजित करती है, जहां प्रत्येक वर्ष कुछ नया और कुछ अलग देखने को मिलता है। यहां भारी संख्या में आगंतुकों की भीड़ देखी जाती है। इस भारी भीड़ को संभालने के लिए



काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

❑ **पूजा का विवरण**

वेलिंगटन नागरिक कल्याण समिति का यह 36वां वर्ष पूजा है। पंडाल और आकर्षक मूर्ति की स्थापना की गई। इस बार, पूजा का बजट 20 लाख रूपये बताया गया है। पूजा का उद्घाटन चतुर्थी के दिन किया जाएगा। इसी दिन, आगंतुकों के लिए पूजा पंडाल का द्वार खोल दिया जाएगा।

❑ **पंडाल सज्जा व मूर्ति डिजाइन**

वेलिंगटन नागरिक कल्याण समिति के पूजा पंडाल का डिजाइन रॉबिन रॉय व मूर्ति का डिजाइन सुरोजीत पाल ने किया है। लाइटिंग की व्यवस्था प्रोबोल बोस ने की है।

❑ **पूजा थीम व विशेष प्रस्तुति**

वेलिंगटन नागरिक कल्याण समिति के पूजा का थीम 'प्रकाश का स्रोत प्रकाश' है। मानव जीवन में प्रकाश अनिवार्य है। वह प्रकाश दो प्रकार का होता है, बाह्य और आंतरिक प्रकाश। बाह्य प्रकाश सूर्य से मिलता है, सूर्य संसार में प्रकाश का पहला स्रोत है। दूसरा प्रकाश जो विद्यमान है, वह आंतरिक प्रकाश है। इसे अध्यात्म का प्रकाश कहा जा सकता है। उस प्रकाश के बिना मानव चेतना विकसित नहीं होगी। वह पूर्ण मानव नहीं बन सकता। रवींद्रनाथ उस आध्यात्मिक प्रकाश के एक प्रखर प्रकाश थे। उनके नाटक, कविताएं, गीत, चित्र विभिन्न तरीकों से समाज के अंधकारमय वातावरण में प्रकाश ढूंढ़ते हैं। इस बार, समिति ने रवींद्रनाथ टैगोर की कुछ कविताओं और नाटकों को प्रकाश के स्रोत के रूप में दिखाने का प्रयास किया है। रक्तकर्वी नाटक के कुछ दृश्य इस वर्ष के मंडप का हिस्सा होंगे। अब, विभिन्न तरीकों से, दुनिया भर में एक गहरा अँधेरा गड्ढा बन गया है। हमारा लक्ष्य उस अंधेरे गड्ढे से बाहर निकलकर वास्तविक प्रकाश के स्रोत की खोज की ओर बढ़ना है। केवल मन का प्रकाश ही हमारे समाज की सूरत बदल सकता है।

❑ **सुरक्षा और प्रबंधन**

पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए है। स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों की बड़ी टीम भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने में प्रस्तुत रहेगी।

## बऊबाजार विस्फोट मामले में खालिद की रिहाई की अर्जी खारिज

**कोलकाता :** बऊबाजार विस्फोट मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे मोहम्मद खालिद को रिहा करने के आदेश को न्यायमूर्ति देवांशु बसाक की डिवीजन बेंच ने खारिज कर दिया। हालांकि अदालत ने यह निर्देश दिया कि यदि खालिद नई रिहाई याचिका दायर करता है, तो राज्य सरकार उसे विचाराधीन ले सकती है।

उल्लेखनीय है कि 16 मार्च 1993 की रात को 267 बीबी गांगुली स्ट्रीट स्थित एक दो मंजिला मकान में भयंकर विस्फोट हुआ था। इस घटना में 69 लोगों की मौत हुई थी।

इस मामले में एक समय कोलकाता के सट्टा कारोबार के 'बेताज बादशाह' रशीद खान को उम्रकैद की सजा हुई थी। बताया गया था कि उसके पास मौजूद विस्फोटक पूरे कोलकाता को उड़ाने के लिए काफी था। खालिद उस रशीद का करीबी सहयोगी था और उसे भी अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

कुछ वर्ष पहले खालिद ने जेल से रिहाई की मांग करते हुए राज्य सरकार के सज़ा पुनरीक्षण बोर्ड में आवेदन किया था, जिसे खारिज कर दिया गया। बाद में वह अदालत पहुँचा। पिछले वर्ष मुख्य न्यायाधीश की डिवीजन बेंच ने रिहाई आदेश पर रोक लगाई थी। अब न्यायमूर्ति देवांशु बसाक की डिवीजन बेंच ने खालिद की रिहाई की अर्जी को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

## डीएनए रिपोर्ट में हुई पुष्टि, लॉ छात्रा से दुष्कर्म मामले में शामिल था मनोजित मिश्रा

**कोलकाता, समाज्ञा :** साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज की छात्रा से दुष्कर्म के मामले में जांच अधिकारियों ने अदालत में दाखिल चार्जशीट में दावा किया है कि डीएनए रिपोर्ट से मुख्य आरोपित मनोजीत मिश्रा के शामिल होने की पुष्टि हुई है। कोलकाता पुलिस ने सोमवार को इसका खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता के कपड़ों से मिले नमूनों की जांच में डीएनए आरोपित से मेल खा गया। चार्जशीट अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अलीपुर की अदालत में दाखिल की गई है। इसमें मिश्रा को मुख्य आरोपित बनाया गया है, जो कॉलेज का पूर्व छात्र है। इसके साथ ही तीन अन्य लोगों के नाम भी शामिल किए गए हैं। रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो गया है कि घटनास्थल पर (कॉलेज के गार्ड रूम में) पीड़िता और आरोपित दोनों की मौजूदगी थी। जांच अधिकारियों ने बताया कि कॉलेज परिसर और आसपास की दुकानों से मिले सीसीटीवी फुटेज में यह साफ दिखा कि घटना गार्ड रूम के भीतर हुई थी। वहीं, अन्य आरोपित प्रमीत मुखर्जी और जैब अहमद बाहर खड़े थे। इस घटना को लेकर सुरक्षा गार्ड की भूमिका पर भी सवाल उठे हैं। अधिकारियों ने जानकारी दी कि आरोपितों के मोबाइल फोन से लिए गए वॉयस सैंपल की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। रिपोर्ट आने के बाद अदालत में पूरक चार्जशीट दाखिल की जाएगी। उल्लेखनीय है कि, कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा ने 25 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि कॉलेज के एक पूर्व छात्र और दो वरिष्ठ छात्रों ने मिलकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना में तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सुरक्षा गार्ड को भी अपनी जिम्मेदारी निभाने में लापरवाही बरतने के आरोप में हिरासत में लिया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**विस्तृत निविदा सं.: 03-डब्ल्यूटी-सीएओ-सी-आरएसपी-ईआर 25-26 (खुली निविदा दो पैकेट) ई-निविदा प्रणाली, दिनांक: 19.09.2025,** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/आरएसपी/पूर्व रेलवे, 4था तल, 14, स्ट्रैंड रोड, एनकेजी, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के न्यू मदनपुर में जसीडीह बाई-पास लाइन और गुड्स शेड के संबंध में कटाव/भराव, मैकेनिकल कॉम्पैक्शन, ब्लैंकेटिंग के साथ तटबंध में मिट्टी कार्य, प्रमुख और लघु पुलों का निर्माण, पी.वे लिंकिंग सहित एस एंड टी, विद्युत (सा.) और विद्युत (टी-आरडी) कार्य सह बैलस्ट सप्लाई, गुड्स वार्फ एवं शेड कार्य एवं अन्य सहायक कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु. 115,23,17,761.15, **बयाना राशि :** रु. 59,11,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** 18 (अठारह) माह। **अंतिम तिथि:** दिनांक 14.10.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
CON-40/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा 05 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा मंडल के तहत ऑटोमेटेड टेलर मशीनों (एटीएम) के संस्थापन एवं परिचालन के लिए अनुबंध प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। ई-नीलामी की अधिक जानकारी एवं भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग** मॉड्यूल के माध्यम से देखें। **कैटलॉग सं. एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एसईपी-6, शुरू होने की तिथि और समय :** दिनांक 03.10.2025 को 15.00 बजे। **क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, विवरण और स्टेशनों के नाम** निम्नानुसार हैं : **(1) एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एमयूजी-जेन-114-25-1 (एटीएम-जनरल),** मगरा में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) का संस्थापन एवं परिचालन और मगरा। **(2) एटीएम-एचडब्ल्यूएच-डीएचएई-जेन-111-25-1 (एटीएम-जनरल),** दाँईहाट रेलवे स्टेशन में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) का संस्थापन एवं परिचालन और दाँईहाट। **(3) एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एनकेल-जेन-121-25-1 (एटीएम-जनरल),** नालिकुल रेलवे स्टेशन में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) का संस्थापन एवं परिचालन और नालिकुल। **(4) एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एमएवाईपी-जेन-124-25-1 (एटीएम-जनरल),** मायापुर रेलवे स्टेशन में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) का संस्थापन एवं परिचालन और मायापुर। **(5) एटीएम-एचडब्ल्यूएच-जीआरएई-जेन-113-25-1 (एटीएम-जनरल),** गुड़ाप रेलवे स्टेशन में ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) का संस्थापन एवं परिचालन और गुड़ाप। **(6) एटीएम-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-जेन-73-25-2 (एटीएम-जनरल),** हावड़ा स्टेशन में डीआरएम बिल्डिंग कंट्रोल ऑफिस के पास ऑटोमेटेड टेलर मशीन (एटीएम) का संस्थापन एवं परिचालन और हावड़ा।
HWH-304/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

## न्यूज ब्रीफ

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और ज़ैगल की रणनीतिक साझेदारी

**कोलकाता :** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने भारत की अग्रणी स्पेंड मैनेजमेंट कंपनी ज़ैगल प्रीपेड ओशन सर्विसेज लिमिटेड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। इस साझेदारी का उद्देश्य को-ब्रांडेड रिटेल क्रेडिट और प्रीपेड कार्ड्स प्रोग्राम लॉन्च करना है, जिसमें थर्ड-पार्टी एप्लिकेशन प्रोवाइडर (टीपीएपी) इंटीग्रेशन और पर्सनलाइज़्ड रिकमेंडेशन इंजन जैसी विशेषताएं शामिल होंगी। ज़ैगल के संस्थापक एवं एग्जीक्यूटिव चेयरमैन डॉ. राज पी नारायणम ने कहा, हम एयू बैंक के साथ साझेदारी कर रिटेल क्रेडिट कार्ड बिज़नेस में प्रवेश करके उत्साहित हैं। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के संस्थापक, एमडी एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने कहा, यह साझेदारी हमारे उस विज़न के अनुरूप है, जिसमें हम व्यवसायों और उपभोक्ताओं दोनों को अधिक स्मार्ट और प्रभावी वित्तीय समाधान प्रदान करना चाहते हैं।

### श्याम स्टील ने लॉन्च किया मकाओ पेंट्स, कार्तिक आर्यन बने इसके ब्रांड एम्बेसडर

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्याम स्टील ने सजावटी पेंट्स उद्योग में कदम रखते हुए अपने नए ब्रांड मकाओ पेंट्स का भव्य लॉन्च किया। कंपनी ने बॉलीवुड अभिनेता और युवाओं के प्रिय सितारे कार्तिक आर्यन को ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। मकाओ के रंग, मैजिक के संग दर्शन के साथ यह ब्रांड भारतीय घरों में चमकदार, बोल्ड और प्रीमियम पेंट्स लाने का वादा करता है। नवरात्रि के प्रथम दिन बंगाल में दुर्गा पूजा पंडालों से इसका शुभारंभ किया गया, जिसे सांस्कृतिक गर्व और मां दुर्गा के आशीर्वाद का प्रतीक बताया गया। कार्तिक आर्यन ने इस सहयोग को खास बताते हुए कहा कि मकाओ पेंट्स हर घर में ताजगी और अपनापन लाएगा। श्याम स्टील प्रवक्ता के अनुसार बंगाल सिर्फ एक बाजार नहीं बल्कि एक भावना है और मकाओ पेंट्स राज्य की ऊर्जा और परंपरा को दर्शाता है।

### अमेजन इंडिया ने लॉन्च किया जीएसटी बचत वाला ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन स्टोरफ्रंट

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने भारत में लागू हो रहे नए जीएसटी सुधारों के अवसर पर अपने ग्राहकों के लिए ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन (जीएसटी बचत उत्सव) स्टोरफ्रंट की शुरुआत की है। यह विशेष पहल अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (एजीआईएफ) 2025 के साथ मेल खाती है, जो 23 सितंबर से शुरू होगा और प्राइम सदस्यों को 22 सितंबर की मध्यरात्रि से 24 घंटे पहले विशेष एक्सेस मिलेगा। नया स्टोरफ्रंट इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण, फैशन, हेल्थकेयर और रोजमर्रा की जरूरतों जैसी श्रेणियों में जीएसटी बचत वाले उत्पाद उपलब्ध कराएगा। खरीदारों को डील विथ जीएसटी सेविंग्स और प्राइम डील+जीएसटी सेविंग्स बैज के जरिए आसानी से पहचानने योग्य ऑफर्स मिलेंगे। इसके साथ ही ग्राहक नो-कॉस्ट ईएमआई, अमेजन पे रिवॉर्ड्स गोल्ड पर 5% तक कैशबैक और एसबीआई कार्ड पर 10% इंस्टेंट डिस्काउंट का लाभ उठा सकेंगे।

### शारद सम्मान : बेहतर और अनोखी पूजा की तलाश में शुरू हुई परिक्रमा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक 'उत्कर्ष आरोहण शारद सम्मान' का सोमवार को औपचारिक शुभारंभ हुआ। कुल 550 पूजाओं में से सर्वश्रेष्ठ का चयन अभिनव थीम, प्रतिमा की सृजनात्मकता, प्रकाश सज्जा की भव्यता और सामाजिक संदेश की प्रभावशीलता जैसे मानदंडों के आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में निर्णायकों ने केक काटकर चयन यात्रा की शुरुआत की। उत्कर्ष आरोहण के बैनर और विशेष रूप से डिज़ाइन की गई गाड़ी से निर्णायक दल विभिन्न पूजा मंडपों का भ्रमण करेगा। निर्णायकों में प्रख्यात मूर्तिकार बिमल कुंडु, प्रसिद्ध चित्रकार शुभ्रत गंगोपाध्याय, कला विश्लेषक मधुच्छंदा सेन, जाने-माने पर्वतारोही देबाशीष विश्वास और आयोजक अनुपम मजूमदार शामिल थे। 15 सदस्यीय निर्णायक मंडल को 9 टीमों में विभाजित किया गया है, जो प्रतिदिन लगभग 150 पूजा मंडपों का अवलोकन करेंगे।

# उच्च माध्यमिक परिणाम जल्द, 31 अक्तूबर के आसपास जारी होने की संभावना



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने स्पष्ट किया है कि उच्च माध्यमिक परीक्षा का परिणाम बहुत जल्द घोषित होगा। परिषद के अध्यक्ष चिरंजीव भट्टाचार्य ने पत्रकार वार्ता में कहा कि परिणाम 31 अक्तूबर के आसपास प्रकाशित किया जा सकता है। हालांकि कुछ दिन पहले परिणाम आने की संभावना भी है, लेकिन इसकी संभावना कम है।

इस वर्ष पहली बार सेमेस्टर पद्धति से परीक्षा आयोजित हुई, जिसे परिषद ने सफल माना है। कुल 6,60,343 परीक्षार्थियों में से 3,69,935 छात्राएँ और 2,90,407 छात्र थे। उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या रही 98.42%, केवल 10,437 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जो पिछले वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कम है।

परीक्षा अनुशासन पर परिषद ने संतोष जताते हुए कहा कि 12 दिनों की परीक्षा में सिर्फ दो परीक्षार्थी मोबाइल फोन के साथ पकड़े गए, जिनकी परीक्षा रद्द कर दी गई। एक छात्रा की परीक्षा अनुशासनहीनता के कारण रद्द की गई।

भट्टाचार्य ने बताया कि लगभग 38 से 39 लाख ओएमआर शीट्स का मूल्यांकन कोलकाता में केंद्रीकृत रूप से चल रहा है और अब तक कोई बड़ी समस्या नहीं आई है। 25 सितंबर को परिषद की महत्वपूर्ण बैठक होगी, जिसमें परिणाम प्रकाशन और सुधार के मुद्दों पर चर्चा होगी।

बायोलॉजी प्रश्नपत्र विवाद पर परिषद ने स्पष्ट किया है कि जिन परीक्षार्थियों ने विवादित प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास किया है, उन्हें उसके अनुसार अंक दिए जाएंगे। परिषद का मानना है कि नई परीक्षा पद्धति और डिजिटल सुधार, जैसे ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली, ने परीक्षा प्रक्रिया को काफी आधुनिक और सुचारु बनाया है। अब सभी की निगाहें सिर्फ परिणाम पर हैं।

### प्राथमिक भर्ती घोटाला: 32 हजार नौकरी रद्द मामले में विकाशरंजन भट्टाचार्य का विस्फोटक बयान, बोले –

## '2016 की पूरी प्रक्रिया ही सिस्टमेटिक फ्रॉड'

**कोलकाता :** प्राथमिक शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े 32 हजार नौकरी रद्द मामले में सोमवार को कोलकाता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई। यह सुनवाई न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती की पीठ में हुई। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विकाशरंजन भट्टाचार्य ने बेहद गंभीर आरोप लगाए और कहा कि 2016 की भर्ती प्रक्रिया सिर्फ पैसों का खेल नहीं थी, बल्कि पूरी तरह सिस्टमेटिक फ्रॉड थी।

भट्टाचार्य ने अदालत को बताया कि 26 सितंबर 2016 को जारी अधिसूचना में 42 हजार रिक्त पदों पर भर्ती की घोषणा की गई थी। लेकिन उसके बाद जो प्रक्रिया चली, उसमें कहीं भी मेरिट लिस्ट, पैनल



या स्कोरकार्ड प्रकाशित नहीं किया गया। नतीजतन, योग्य उम्मीदवारों को अधिकारिक जानकारी नहीं मिली।

**उन्होंने दावा किया कि –**

❑ कई उम्मीदवार ऐसे थे जिन्हें पैनल में नाम न होने के बावजूद इंटरव्यू या चयन प्रक्रिया में बुलाया गया।

❑ 14 सितंबर 2016 को परिणाम घोषित होने के बाद भी किसी उम्मीदवार को मेरिट लिस्ट या स्कोरकार्ड नहीं दिया गया।

❑ भर्ती में विधायकों और सांसदों के नाम सामने आए हैं, जिन पर पैसे लेकर सिफारिश करने का आरोप है।

भट्टाचार्य ने अदालत से कहा, यह कोई साधारण गड़बड़ी नहीं बल्कि योजनाबद्ध धोखाधड़ी है। यदि एक भी मेरिट जंपिंग का मामला है तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए। दुर्भाग्य से बोर्ड ने अपने नियमों और चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता, दोनों की अनदेखी की।

उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान डीपीएसएससी और चयन समिति का गठन ही नहीं हुआ, जिससे यह साफ है कि पूरे मामले में नियमों का पालन नहीं किया गया।

इस पर न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती ने सुनवाई के दौरान सवाल किया – यदि 2016 की भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी हुई, तो इस तथ्य का उल्लेख कहां किया गया है?

जवाब में भट्टाचार्य ने कहा कि सीबीआई पहले ही इस मामले में विस्तृत जांच कर चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। उन्होंने चेतावनी दी कि भ्रष्टाचार कैंसर की तरह है। यदि समय पर इसका इलाज न हुआ तो यह समाज और अर्थव्यवस्था दोनों को खोखला कर देगा।

गौरतलब है कि इस मामले में पहले से ही कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और हाईकोर्ट में यह एक अहम मामला माना जा रहा है।

इस मामले की अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को होगी।

### चकदह में ट्रेन से गिरकर सिविक वॉलंटियर की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** काम खत्म करके घर लौटने के दौरान ट्रेन से गिरकर एक सिविक वॉलंटियर की मौत हो गई। मृतक की पहचान सुभाष बर्मन (37) के रूप में की गई है। वह चकदह थाने में कार्यरत था और मदनपुर का निवासी था। वह थाने के सीसीटीवी कैमरों की देखभाल करता था। पता चला है कि हर दिन की तरह, रविवार को रात करीब 10 बजे, वह घर जाने के लिए चकदह स्टेशन से ट्रेन में बैठा। जैसे ही ट्रेन मदनपुर के लिए स्टेशन से रवाना हुई, सिविक वॉलंटियर ट्रेन से गिर गया। स्थानीय निवासियों ने उसे देखा और जल्दी से उसे बचाया और उसे चकदह स्टेट जनरल अस्पताल ले आए। वहां, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि, उसकी मौत का कारण जानने के लिए, उसके शव को सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल भेज दिया गया।



**आईआईएम-कोलकाता के नये निदेशक प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सौजन्य भेंट की, जिसमें राष्ट्रपति मुर्मू ने उन्हें आईआईएम-सी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया था।**

## विश्व शांति दिवस और सुंदर लाल दुग्गड़ की स्मृति में रक्तदान शिविर आयोजित



**कोलकाता :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तर कोलकाता के नूतन बाजार स्थित कोलकाता लेमन मर्चेन्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में 21वाँ स्वेच्छा रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की विशेषता यह है कि हर वर्ष भिन्न:भिन्न थीमों पर शिविर आयोजित की जाती है, इस क्रम में इस वर्ष संस्था के अध्यक्ष व संजोयक मनोज सिंह पराशर ने विश्व शांति दिवस को चुना। पराशर ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में आज पूरी दुनिया तनाव और संघर्षों के दौर से गुजर रही है। युद्ध से कभी किसी समस्या का समाधान नहीं होता है अपितु केवल विनाश, अशांति और निर्दोष लोगों की हत्या होती है। अत: देश में शान्ति के अपील के साथ ही समाज को नई राह दिखाने वाले प्रसिद्ध समाजसेवी व स्व. सुंदरलाल दुग्गड़ की याद में यह शिविर आयोजित किया गया। इस वृहत्त कर्मकांड के तहत ब्लड कैंप का उद्घाटन मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी के अध्यक्ष गोविंद राम अग्रवाल ने किया। जबकि शिविर का उद्घाटन विशिष्ट समाजसेवी पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम की शुभारंभ सत्यनारायण तिवारी के गीतों से हुआ। रक्तदान के साथ ही यहां मेगा हेल्थ चेकअप की भी व्यवस्था की गयी थी। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर श्री विशुद्धानन्द हास्पिटल जबकि ब्लड बैंक की कमान मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी हास्पिटल ने संभाला था।

## अग्रसेन धाम ने मनाया भगवान अग्रसेन का जन्मोत्सव



**कोलकाता, समाज्ञा :** भगवान अग्रसेन की जयन्ती पर महाराजा अग्रसेन धाम मुख्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन यूपीएससी अकादमी का भी विधिवत शुभारम्भ किया गया। प्रारम्भ में, आराध्य देव के चित्र पर श्रद्धालु जनों ने माल्यार्पण कर पूजन-अर्चन किया। अग्रसेन धाम के अध्यक्ष ओम जालान ने इस अवसर पर कहा कि शताब्दियों पूर्व सूर्यवंश में अवतरित हुए अग्रसेनजी महाराज के आदर्श एवं सिद्धान्त आज भी प्रासंगिक हैं और हमेशा रहेंगे। संस्था के मंत्री निर्मल सराफ ने कहा कि अग्रसेनजी महाराज के एक ईंट और एक रूपए के सहयोग प्रदान करने की भावना आज भी समाज को अनुप्राणित करती है। इस अवसर पर महाराजा अग्रसेन धाम के त्रैमासिक मुखपत्र के नवीन संस्करण का भी लोकार्पण हुआ। बागनान स्थित विशाल परिसर में चल रहे सेवा कार्यों की सभी ने सराहना की और कहा कि यह संस्था अपने प्रेरणास्त्रोत स्व. पुष्करलाल केडिया के स्वप्न को साकार करने की दिशा में सतत गतिशील है। उपस्थित जनों में अनिल केडिया, अशोक चूड़ीवाला, सत्यनारायण देवरालिया, रमेश सोंथलिया, बिरमप्रकाश सुल्तानिया, कैलाश कयाल, एन.के.अग्रवाल, गोपाल नरेड़ी, नवीन टिकमानी, राजीव कानोड़िया, मुकेश गोयल, अनिल सरायवाला, सुनील धनानिया, प्रदीप खेतान, विनोद कुमार गुप्ता, गौरीशंकर चौधरी, अशोक अग्रवाल, रवि खेतान, सुशील मित्तल, विजय डोकानिया, बलराम अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, विकास धनानिया, विशाल झुनझुनवाला, अमित डाबड़ीवाला, श्याम अग्रवाल प्रमुख थे। महिला विंग की अध्यक्षा सुमन जालान, मंत्री सरिता सराफ तथा ममता केडिया, प्रेम कयाल, अमिता दीवान, स्वाति अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, अंजना अग्रवाल, कविता अग्रवाल भी उपस्थित थीं।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में महाराजा अग्रसेन जयंती हर्षोल्लास से संपन्न



**हावड़ा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के ऑडिटोरियम में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, शिक्षा हितैषी श्री नवीन टिकमानी, उप-प्राचार्या श्रीमती काकोली नाग, प्रधानाध्यापिका सेकेंडरी विभाग, प्रधानाध्यापक प्राईमरी विभाग, सभी विभागीय अधिकारीगण, शिक्षिकाएँ एवं छात्राएँ उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरुआत महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण और उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया, तत्पश्चात छात्राओं द्वारा अग्रसेन वंदना की प्रस्तुति की गई। शारदीय नवरात्र का आरंभ होने के कारण इस अवसर पर माँ दुर्गा की संगीतमय स्तुति की गई। प्राचार्य महोदय ने इस अवसर पर कहा कि महाराज अग्रसेन का पूरा जीवन हम सभी के लिए आदर्श है और हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है, इनके आदर्श पर चलकर विद्यालय दिनों-दिन सफलता की ओर अग्रसर हो रहा है।अग्रसेन जयंती के अवसर पर विद्यालय के अधिकारियों द्वारा विद्यालय के प्राईमरी बिल्डिंग, अग्रसेन ब्वायॅज स्कूल के समक्ष एवं हावड़ा गिरिष घोष रोड स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया।

### कोलकाता मेट्रो ने प्री-पूजा के अवसर पर स्टेशनों और परिसरों में चलाया व्यापक सफाई अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** देशव्यापी स्वच्छता ही सेवा 5.0 अभियान के तहत कोलकाता मेट्रो अपने परिसरों को साफ-सुथरा और हरा-भरा बनाने के प्रयास में शामिल है। इस अभियान के दौरान मेट्रो स्टेशनों, ट्रेनों और अन्य प्रतिष्ठानों में व्यापक सफाई और सेनिटाइजेशन ड्राइव चलाए जा रहे हैं। सोमवार को तपन सिन्हा मेमोरियल अस्पताल में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया, जिसमें



वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी और मेडिकल विभाग के कर्मचारी शामिल हुए। इसके अलावा, ग्रीन लाइन के एस्प्लानेड स्टेशन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर यात्रियों में स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। यात्रियों से कहा गया है कि वे प्री-पूजा भीड़ से बचने के लिए डिजिटल टिकटिंग का इस्तेमाल करें। इसमें स्मार्ट कार्ड और मोबाइल क्यूआर टिकट शामिल हैं। डिजिटल बुकिंग करने पर 5% का अतिरिक्त लाभ भी मिलता है। इसके अलावा, 'आमार कोलकाता मेट्रो' ऐप के जरिए यात्री कभी भी टिकट बुक या स्मार्ट कार्ड रिचार्ज कर सकते हैं।

### सोनी इंडिया ने दुर्गा पूजा के अवसर पर रोमांचक त्यौहारी ऑफर पेश किए

**कोलकाता :** इस दुर्गा पूजा पर, सोनी इंडिया पश्चिम बंगाल के घरों में 'सिनेमा घर आ रहा है' की भावना के साथ नवाचार और मनोरंजन का आनंद लेकर आ रहा है। सोनी इस त्योहारी सीज़न में 25% की मज़बूत वृद्धि की उम्मीद कर रहा है, और ब्राविया टेलीविज़न, होम थिएटर, पार्टी स्पीकर और डिजिटल इमेजिंग उत्पादों पर विशेष ऑफ़र के साथ दुर्गा पूजा की जीवंत भावना का जश्न मना रहा है। इन त्यौहारी ऑफर्स पर टिप्पणी करते हुए, सोनी इंडिया के सेल्स डायरेक्टर, सतीश पद्मनाभन ने कहा, दुर्गा पूजा परिवार, उत्सव और परंपरा का समय है-और तकनीक तेज़ी से लोगों के इन पलों को एक साथ बिताने का एक अहम हिस्सा बनती जा रही है।

## बेलदा में निजी स्कूल छात्रावास में बच्चे की रहस्यमय मौत, जांच में जुटी पुलिस

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के नारायणगढ़ ब्लॉक अंतर्गत बेलदा थाना क्षेत्र के सबूजपल्ली इलाके में रविवार की देर रात एक निजी स्कूल छात्रावास से छात्र का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नील घोष (15) के रूप में हुई है। वह केशियाडी थाना अंतर्गत ज्योति कृष्णापुर ग्राम का निवासी था और पढ़ाई के लिए बेलदा स्थित स्कूल छात्रावास में रह रहा था। नील घोष कक्षा आठ का छात्र था। सोमवार को जिला पुलिस के बयान के अनुसार, रविवार को नील अपने दोस्तों के साथ रोज़ की तरह ट्यूशन गया था। रात करीब 10.15 बजे ट्यूशन समाप्त होने के बाद वह छात्रावास लौटा। कुछ ही देर बाद अचानक वह बेहोश हो गया। आनन-फानन में उसे बेलदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बेलदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना के बाद से स्कूल परिसर और आसपास तनाव की स्थिति बनी हुई है। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और अभिभावक स्कूल प्रबंधन से जवाब मांग रहे हैं। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि छात्र की मौत की परिस्थितियों का पूरा खुलासा किया जाएगा और यदि किसी प्रकार की लापरवाही या दोष सामने आया तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज अपडेट

### हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट ने दुर्गापूजा पर जरूरतमंदों में बांटी साड़ियां व राशन



**हावड़ा :** सामाजिक संस्था हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट ने इस साल भी समाज के दीन-हीन जरूरतमंदों में पूजा से पहले खुशियों की सौगात बिखेरने का प्रयास किया है। ट्रस्ट की और से हावड़ा के बिराडिंगी स्थित ट्रस्ट भवन में कई दिव्यांग महिलाओं सहित शताधिक जरूरतमंद महिलाओं में दुर्गापूजा के उपलक्ष्य में नयी साड़ियां वितरित व राशन सामग्री तो वितरित की ही गई, साथ ही सभी के लिए भवन परिसर में खिचड़ी महाभोग का भी आयोजन हुआ। इस अवसर पर ट्रस्ट के सेवा प्रभारी वयोवृद्ध समाजसेवी सत्यनारायण खेतान ने कहा कि 25 वर्ष पूर्व पेयजल सेवा के उद्देश्य से संस्थापित यह ट्रस्ट वर्तमान में समाज के जरूरतमंदों को उनकी आवश्यकतानुसार हर प्रकार की सेवा-सहायता निःस्वार्थ भाव से उपलब्ध कराने में लगा हुआ है। ट्रस्ट द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान विभिन्न पूजा मण्डपों में दर्शनार्थियों के लिए पेयजल आपूर्ति का भी प्रबंध किया गया है। इस अवसर पर अजित वर्मा, राम सिंह यादव, देवजीत घोष दस्तकार, विकास टिबड़ेवाल, मोहन अग्रवाल भी उपस्थित थे।

### बहरमपुर कोर्ट स्टेशन पर विक्रेताओं को दिया गया स्वच्छता पर मार्गदर्शन




**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वच्छता ही सेवा – स्वच्छोत्सव 2025 अभियान के तहत बहरमपुर कोर्ट स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों और ट्रैक के परिसर में स्वच्छता बनाए रखना है। सियालदह डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर भी अभियान जारी है। बहरमपुर कोर्ट स्टेशन पर कृष्णनगर-लालगोला सेक्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सार्वजनिक संबंध विभाग, पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग और वाणिज्य विभाग के कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। सभी प्लेटफॉर्म और स्टेशन परिसर के विक्रेताओं को स्टेशन पर स्वच्छता बनाए रखने और केवल निर्धारित स्थानों पर कचरा फेंकने की जिम्मेदारी निभाने के लिए परामर्श दिया गया। उन्हें अपने स्टॉल पर कचरा डालने के लिए स्वयं का डस्टबिन रखने और यात्रियों से भी उसी में कचरा फेंकने का अनुरोध करने के लिए कहा गया। साथ ही, विक्रेताओं को निर्देश दिया गया कि दिनभर के कचरे को रेलवे द्वारा प्रदान किए गए बड़े डस्टबिन में उचित रूप से निपटाएं और प्लेटफॉर्म या रेलवे ट्रैक पर कचरा न फेंकें।

### हावड़ा मंडल ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में अपनाई पर्यावरण अनुकूल पहलें



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत पर्यावरण अनुकूल पहलों का आयोजन किया। इस अभियान के तहत कम उपयोग करना, पुनः प्रयोग करना, कचरे का पुनर्चक्रण, कचरे से कला निर्माण, पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली और शून्य कचरा जीवनशैली जैसे विषयों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित इन कार्यक्रमों की श्रृंखला हावड़ा रेलवे कॉलोनी, पाकुड़, टिकियापाड़ा, वर्दवान, आजीमगंज, बंडेल, कामरकुंडु, बलरामबाती, जनाई रोड और कटवा स्टेशनों पर संपन्न हुई। इसमें रेलवे कर्मचारियों, उनके परिजनों तथा स्थानीय समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में वेस्ट टू आर्ट की प्रदर्शनी, सिंगल-यूज प्लास्टिक के खिलाफ जनजागरूकता अभियान और जैव एवं अजैव अपशिष्ट के पृथक्करण पर प्रदर्शनों का आयोजन शामिल था। प्रतिभागियों को पर्यावरण हितैषी आदतें अपनाने और शून्य अपशिष्ट जीवनशैली की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### आसनसोल मंडल ने दुर्गा पूजा के अवसर पर स्क्रैप आर्ट मॉडल्स और विशेष ट्रेन सेवा शुरू की




**आसनसोल :** आसनसोल मंडल ने इस दुर्गा पूजा के अवसर पर रचनात्मकता और समर्पण का अनूठा प्रदर्शन करते हुए मंडल परिसर में उत्सव की चमक बढ़ा दी है। इस पहल के तहत डीआरएम भवन, आसनसोल में स्थापित स्क्रैप आर्ट मॉडल्स को मंडल के कर्मठ कर्मचारियों ने जीवंत रंगों और पारंपरिक आकृतियों से सजाया। ये कलाकृतियां पूरी तरह रेलवे के बेकार पड़े सामग्रियों जैसे नट-बोल्ट, स्क्रैप आयरन और अव्यवस्थित स्पेयर पार्ट्स से बनाई गई हैं, जो वेस्ट टू वंडर की अवधारणा को मूर्त रूप देती हैं। इस पहल से न केवल रेलवे परिसर की सौंदर्यात्मक गुणवत्ता बढ़ी है, बल्कि मंडल की सतत विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की प्रतिबद्धता भी उजागर होती है। इसके साथ ही, आसनसोल मंडल दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विशेष फेस्टिव ट्रेनों का संचालन कर रहा है। ये ट्रेनें आसनसोल और आसपास के स्टेशनों को प्रमुख शहरों और तीर्थ स्थलों से जोड़ती हैं, अतिरिक्त बर्थ प्रदान करती हैं और यात्रियों के लिए यात्रा को सुगम बनाती हैं।

### सियालदह मंडल ने 'स्वच्छोत्सव' थीम के साथ विभिन्न गतिविधियों का किया आयोजन




**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल ने स्वच्छता ही सेवा – 2025 अभियान के तहत स्वच्छोत्सव थीम के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी को बढ़ावा देना था। मुख्य आकर्षणों में सियालदह, नैहाटी आरओएच डिपो, सोनारपुर, राणाघाट, नारकेलडांगा, वर्दवान और न्यू अलीपुर में वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी, सियालदह में स्वच्छता सेल्फी बूथ, विभिन्न स्टेशनों पर कम करें, दोबारा इस्तेमाल करें, पुनर्चक्रण करें जागरूकता अभियान, प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीन का प्रदर्शन और माझेरहाट, कोलकाता, हाबरा, रानाघाट और कृष्णनगर जंक्शन पर स्वच्छता अभियान शामिल थे। ये पहलें सियालदह मंडल की स्वच्छता, सतत विकास और जनजागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

# बंगाल नहीं होता तो देश को आजादी नहीं मिलती : ममता

## माता-पिता की एआई तस्वीर पर मुख्यमंत्री ने आपत्ति जताई

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को महानगर की कई दुर्गा पूजा आयोजनों का उद्धघाटन किया और शांति सद्धभावना का संदेश देते हुए कहा कि अगर बंगाल नहीं होता तो शायद देश को आजादी नहीं मिलती। मुख्यमंत्री ने उक्त बात खिदिरपुर में 74 पल्ली दुर्गा पूजा का उद्धघाटन करते हुए कही। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने प्रतिमा की सुंदरता से मोहित होते हुए पूजा आयोजकों से पूछा कि प्रतिमा शिल्पी यानी कलाकार का नाम क्या है। ममता ने कहा कि यह इलाका उनके विधानसभा में आता है ऐसे में यह उनका क्षेत्र है। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने अलीपुर



**गरियाहाट हिंदुस्तान क्लब सार्वजनिन दुर्गा पूजा के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य, एमआईसी देबाशीष कुमार, पैटन ग्रुप के एमडी संजय बुधिया व अन्य**

म्यूजियम निर्माण का उल्लेख करते हुए कविगुरु से लेकर खुदीराम बोस तक को याद किया और अपनी बात कही।

ममता ने आगे कहा कि बंगाल की मिट्टी शक्ति, स्वाभिमान, गर्व और जागरण की मिट्टी है। फिर, चाहे महात्मा गांधी हो या फिर कोई महान क्रांतिकारी, तमाम मनीषियों का सम्बंध आजादी के युद्ध के दौरान बंगाल से रहा है। बंगाल सरकार भाषा को लेकर कोई विरोध नहीं रखती है, बरन हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं। यही कारण है कि हमने बंगाल में पंजाबी, नेपाली, कामतापुरी, गुरुमुखी सहित तमाम भाषाओं को मान्यता दी है। ऐसे में बंगाल में भाषा विभेद की कोई बात नहीं है। वहीं, खिदिरपुर 25 पल्ली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूजा के उद्घाटन समारोह में उनके माता-पिता की तस्वीरें भेंट करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि मैंने अपने माता-पिता को लेकर प्रचार नहीं करती हूं।

मुख्यमंत्री ने यहां तक कहा कि उनके कार्यालय में तस्वीर रखने की जगह नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वह तस्वीर अभिषेक बनर्जी को भेज देंगी। हालांकि पूजा आयोजकों में से किन्हीं एक ने मुख्यमंत्री से कहा कि यह तस्वीर डिजिटल आर्ट में किया गया है। ममता ने तुरंत कहा कि भले ही यह डिजिटल आर्ट में किया गया हो, लेकिन यह असली नहीं है। फिर, उन्होंने स्पष्ट किया कि आपने किया, बस इतना ही काफी है। मैं इस तरह का काम नहीं करती।

### न्यूज ब्रीफ

### डानकुनी में नवनियुक्त युवा अध्यक्ष पर टीएमसी पार्षद ने लगाया गंभीर आरोप

**हुगली, समाज्ञा :** डानकुनी टाउन तृणमूल कांग्रेस के नव-नियुक्त युवा अध्यक्ष जियारुल आकन को लेकर पार्टी के भीतर विवाद शुरू हो गया है। डानकुनी नगरपालिका के वार्ड 18 के पार्षद सूर्य दे ने रविवार की शाम जियारुल पर गंभीर आपराधिक आरोप लगाते हुए कहा कि वह क्रिमिनल हैं और रोज़ाना बार में जाना उनकी आदत है। सूर्य दे ने सवाल उठाया कि जियारुल ने कभी राजनीति नहीं की, फिर उन्हें युवा अध्यक्ष कैसे बना दिया गया। उनका दावा है कि यह पद आई-पैक की रिपोर्ट के आधार पर मिला है। उन्होंने आशंका जताई कि उनके इस विरोध के कारण उन्हें हत्या की साजिश का शिकार होना पड़ सकता है। डानकुनी नगरपालिका के वार्ड 4 के पार्षद हसन मंडल ने भी सूर्य दे का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन चुनावों में जियारुल को उन्होंने कभी तृणमूल के साथ काम करते नहीं देखा। उल्टा, वह विपक्ष को मजबूत करने के लिए लाखों रुपये खर्च करता था। हसन मंडल ने आरोप लगाया कि जियारुल को पुलिस ने कई बार बार के बाहर से गिरफ्तार किया था और उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। इन आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए जियारुल आकन ने कहा कि एक परिवार में रहते समय कभी-कभी अशांति होती है। सूर्य मेरे बड़े भाई जैसे हैं, भाई-भाई के रिश्ते में सब ठीक हो जाएगा। पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे निभाऊंगा।

### कोलकाता मेट्रो में सितंबर 2025 में 1.5 करोड़ से अधिक यात्रियों ने किया सफर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो में दुर्गा पूजा के अवसर पर यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। 21 सितंबर तक सितंबर महीने में अब तक 1.5 करोड़ से अधिक यात्रियों ने मेट्रो का उपयोग किया, जो शहर में मेट्रो की सबसे सुविधाजनक और भरोसेमंद परिवहन प्रणाली के रूप में लोकप्रियता को दर्शाता है। रविवार, 21 सितंबर को मेट्रो में कुल 5.21 लाख से अधिक यात्रियों ने सफर किया। इसमें ब्लू लाइन पर 4.04 लाख से अधिक, ग्रीन लाइन पर 1.11 लाख से अधिक और येलो लाइन पर 4800 से अधिक यात्रियों ने यात्रा की। यह संख्या पिछले रविवार (14 सितंबर 2025) के लगभग 3.93 लाख यात्रियों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक है। ब्लू लाइन पर दिनभर अधिकांश ट्रेनें समयानुसार चलाई गईं, जबकि ग्रीन और येलो लाइन पर भी सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हुईं। इसके अलावा, 1 से 21 सितंबर तक कुल 47,297 स्मार्ट कार्ड बेचे गए हैं। पर्यटक 3 और 5 दिनों के टूरिस्ट स्मार्ट कार्ड का उपयोग कर असीमित यात्राओं का लाभ उठा सकते हैं, जिनकी कीमत क्रमशः 250 और 550 है। ये कार्ड सभी मेट्रो स्टेशनों के बुकिंग काउंटर पर उपलब्ध हैं।

## जीएसटी दर कटौती लागू होने के पहले दिन एसी, टीवी की बिक्री में उछाल



**कोलकाता :** जीएसटी की कम दरें लागू होने के पहले दिन सोमवार को एयर कंडीशनर और टेलीविजन सेट की बिक्री में जोरदार उछाल आया। खुदरा विक्रेताओं ने आकर्षक छूट की पेशकश की, जिसके चलते खरीदारों में जोश था। पास-पड़ोस के किराना स्टोर में भी रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं और खाद्य पदार्थों की बिक्री में मामूली वृद्धि देखी गई। देश भर में खपत को बढ़ावा देने के लिए जीएसटी परिषद ने चार स्लैब वाली कर संरचना की जगह पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो स्लैब वाली जीएसटी (माल एवं सेवा कर) संरचना को मंजूरी दी थी। इस व्यवस्था के लागू होने से सोमवार से खाद्य पदार्थों, प्रसाधन सामग्री और सौंदर्य प्रसाधनों से लेकर टीवी और एयर-कंडीशनर जैसे सामान की कीमतों में कटौती हुई। सोमवार से ही नौ दिवसीय नवरात्रि उत्सव की शुरुआत हुई। कोलकाता में घरेलू उपकरण खंड के डीलरों ने बताया कि एयर-कंडीशनर (आरएसी) की बिक्री पहले ही दिन लगभग दोगुनी हो गई। एसी पर पहले 28 प्रतिशत कर लगता था, लेकिन इसे अब 18 प्रतिशत कर दिया गया है। हायर इंडिया के चेयरमैन एन एस सतीश ने बताया, 'शुरुआती बिक्री के रुझान उत्साहजनक हैं। शाम पांच बजे तक, हमारे डीलर ने किसी भी अन्य सोमवार की तुलना में लगभग दोगुनी बिक्री दर्ज की।' उन्होंने यह भी कहा कि सोमवार कार्यदिवस होने के कारण शाम को खरीदारी बढ़ने की उम्मीद है। ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा, 'पूछताछ को देखते हुए, मुझे लगता है कि माहौल उत्साहजनक है।'

### वाहन शोरूम पर उमड़े लोग

जीएसटी दरों में कटौती सोमवार से लागू होने के साथ ही कारों की कीमतों में आई गिरावट को देखते हुए देशभर के वाहन शोरूम में संभावित खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। वाहन वितरकों के राष्ट्रीय संगठन फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने कहा कि पिछले तीन-चार हफ्तों से ग्राहकों की पूछताछ में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही थी और नवरात्रि के पहले दिन बिक्री में जबर्दस्त रुझान देखा गया। बता दें कि छोटी कारों पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। इस संशोधन से पेट्रोल, डीजल, हाइब्रिड, सीएनजी और एलपीजी इंजन वाली 1200 सीसी तक की कारों की कीमतों में 40,000 से 1.2 लाख रुपये तक की अनुमानित गिरावट आई है। इस कर संशोधन पर विग्वेश्वर ने कहा कि यह सुधार सिर्फ इस त्योहारी मौसम के लिए नहीं, बल्कि आने वाले कई वर्षों में उद्योग के लिए लाभकारी साबित होगा।

## पूजा से पहले हावड़ा नगर निगम के 1500 अस्थायी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की घोषणा

**हावड़ा, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा से पहले हावड़ा नगर निगम ने अपने 1500 अस्थायी कर्मचारियों के वेतन में 500 रुपये की वृद्धि करने की घोषणा की है। यह घोषणा सोमवार को नगर प्रशासक सुजय चक्रवर्ती ने मीडिया के सामने की, लेकिन यह वेतन वृद्धि 16 अक्टूबर से लागू होगी, इसलिए कर्मचारियों को पूजा से पहले बढ़ी हुई राशि हाथ नहीं लगेगी। नगर प्रशासक ने बताया कि इस वेतन वृद्धि से नगर निगम का सालाना खर्च लगभग एक करोड़ रुपये बढ़ जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले चार वर्षों में अस्थायी कर्मचारियों का वेतन दो चरणों में 1,500 रुपये बढ़ाया गया था और अब सभी कर्मचारी 16 अक्टूबर से बढ़ी हुई राशि प्राप्त करेंगे। साथ ही, 1100 सफाई कर्मचारियों का बकाया वेतन (जनवरी से जून तक) भी पूजा से पहले भुगतान किया जाएगा, जिसके लिए निगम 31 लाख रुपये खर्च करेगा। सुरक्षा और



सुविधा को ध्यान में रखते हुए सोमवार की सुबह 215 सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा किट भी वितरित की गई, जिसमें बॉडी शर्ट, सुरक्षा चश्मा, सुरक्षा जूते, हेलमेट, दस्ताने और विशेष प्रकार का मास्क शामिल हैं। नगर प्रशासन ने कहा कि इन सुरक्षा उपकरणों का सफाई कार्य के दौरान सही उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। सुजय चक्रवर्ती ने यह निर्णय उन सभी कर्मचारियों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए लिया है, जो दिन-रात मेहनत करके नगर सेवा को सुचारू रूप से चलाते हैं।

### न्यूज अपडेट

### अदाणी समूह आईआईएम कोलकाता के छात्रों को देगा छात्रवृत्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** अदाणी समूह ने भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) कोलकाता के छात्रों के लिए एक छात्रवृत्ति कार्यक्रम की सोमवार को घोषणा की। 'अदाणी एक्सेलेरेटेड लीडरशिप प्रोग्राम' (एएएलपी) पहल के तहत हर साल आईआईएम कोलकाता के छह एमबीए छात्रों को शैक्षणिक प्रदर्शन के आधार पर दो किस्तों में कुल 1.62 करोड़ रुपये वितरित किए जाएंगे। आईआईएम कोलकाता के निदेशक प्रो. आलोक कुमार राय की उपस्थिति में इस आशय के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर संस्थान के डीन (विकास एवं बाह्य संबंध) प्रो. सुमन्त बसु ने कहा कि यह नेतृत्व विकास, गतिविधि के क्षेत्रों में विविधता लाने और शोध में सहयोग पर हमारे साझा ध्यान से मेल खाता है। अदाणी समूह की वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एएएलपी) शुभाश्री आर वेंकटराज ने कहा कि यह कार्यक्रम आंतरिक प्रतिभा पोषण के लिए है। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अदाणी समूह के अधिकारियों के साथ संवाद भी किया। अदाणी एयरपोर्ट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुण बंसल ने उन्हें जिज्ञासु और विनम्र बने रहने की सलाह दी। प्रवर्तक एवं कार्यकारी निदेशक सागर अदाणी ने कहा कि समूह की भूमिका प्रतिभा निर्माण को सुगम बनाना है जिसका परिणाम संगठन निर्माण के रूप में निकलता है।

### लिलुआ और जायसवाल अस्पताल में शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ, लोगों ने किया स्वागत



**कोलकाता :** कोलकाता की सुपरिचित सेवा संस्था श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन में लिलुआ एवं जायसवाल हॉस्पिटल के पास एक नया शीतल जल प्याऊ स्थापित किया गया। इस प्याऊ का उद्घाटन कैलाश मिश्रा (पार्षद लिलुआ) एवं राजीव थामन (पूर्व पार्षद) के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। प्याऊ का निर्माण स्व. बासुदेव मोदी एवं स्व. द्रोपदी देवी मोदी की स्मृति में श्री गंगाराम बासुदेव मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट एवं उनके परिवार के आर्थिक सहयोग से किया गया। इस अवसर पर दानदाताओं में पवन मोदी, राजकुमार मोदी, रतन कुमार मोदी, सरिता मोदी, शशि मोदी, मयंक मोदी और मुदित मोदी उपस्थित रहे। समिति के सचिव बिमल दीवान, उप-सचिव पवन बंसल एवं सुभाष सावालदावाला की उपस्थिति में यह शुभारंभ संपन्न हुआ। समिति के सचिव बिमल दीवान ने बताया कि इस प्याऊ से राहगीरों, जयसवाल हॉस्पिटल के मरीजों और उनके परिजनों को ताजगी भरा शीतल जल उपलब्ध होगा। समिति के मार्गदर्शक राजकुमार बोथरा के निर्देशन में प्याऊ का निर्माण कराया गया, जिसे स्थानीय निवासी भी सराहना दे रहे थे। इस कार्य में श्याम मंदिर कमेटी संयोजक मनोज चौधरी का भी सहयोग मिला। अध्यक्ष विवेक गुप्ता के प्रयास और उनके पारंपरिक दानदाताओं के सहयोग से कोलकाता महानगर और उपनगरीय क्षेत्रों में मशीन द्वारा संचालित कई शीतल जल प्याऊ पहले से ही कार्यरत हैं, और नए प्याऊ का निर्माण लगातार जारी है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के कार्यकर्ता दीपक अग्रवाल (चंदन नगर), जय प्रकाश गुप्ता, उमा शंकर जोशी, अविनाश सिंह, दिनेश खेमका आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## तुल्लापट्टी सार्वजनिक दुर्गोत्सव का भव्य उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** तुल्लापट्टी मोहल्ला कमेटी द्वारा आयोजित 70वां तुल्लापट्टी सार्वजनिक दुर्गोत्सव का सोमवार को शुभारंभ स्थानीय सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने किया। सुप्रसिद्ध उद्योगपति महेंद्र जालान ने द्वीप प्रज्वलन के साथ पूजा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक विवेक गुप्त, सुप्रसिद्ध उद्योगपति मनमोहन अग्रवाल, पूजा के सभापति शिव कुमार कैमरीवाल, दुर्गा व्यास, सुशील ओझा, प्रभु अग्रवाल, अनिल जिंदल, चंद्रशेखर सराफ, विनोद केडिया, विश्वंभर नेवर, पूर्व विधायक संजय बक्सी, दिनेश बजाज, आनंद शर्मा, अनिल दत्त शर्मा, सुरेश पाण्डेय, कृष्ण प्रताप सिंह, प्रियाल चौधरी, संजय उपाध्याय, निर्मल



अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों की मंच पर गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पूजा के संयोजक पार्षद महेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष मंडप की थीम बनारस के घाटों की अद्भुत सुंदरता एवं देवी के सभी स्वरूपों पर आधारित है। समारोह में कमेटी के पदाधिकारी नरेंद्र रुइया, मनोज लोहारीवाल, आनंद जैन, गोवर्धन निंगानिया और राजू सरावगी ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। मंच संचालन राज कुमार व्यास ने किया। आयोजन की सफलता के लिए कमेटी के सभी सदस्य सक्रिय रहे।

## कोलकाता में जैन समाज ने आयोजित किया विशाल क्षमोत्सव समारोह, 8,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने लिया भाग



**कोलकाता, समाज्ञा :** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) कोलकाता द्वारा नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित क्षमोत्सव समारोह में 8,000 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लेकर जैन धर्म की क्षमा परंपरा को आत्मसात किया। इस अवसर पर समाज ने सामूहिक रूप से क्षमा याचना की और भक्ति एवं श्रद्धा का वातावरण निर्मित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जैन धर्मसंघ के सकल साधु-साध्वियों की पावन उपस्थिति में हुई। अभिलाषा बाठिया ने भजन प्रस्तुति दी, जिससे पूरे स्टेडियम का वातावरण भक्तिमय बन गया। मंच पर परम पूज्य आचार्य श्री 108 प्रमुख सागर जी मुनिराज, युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री जिनेश कुमार जी, परम श्रद्धेय डॉ. आदर्शचंद्र जी महाराज, परम पूज्य डॉ. अक्षय ज्योति महासती जी, नवकीर्ति महासती जी, गणिनी आर्यिका 105 सुयोग्य नंदनी माताजी एवं परम पूज्य डॉ. प्रियरंजना श्री जी सहित अनेक साधु-साध्वियां विराजित थीं। इनके सान्निध्य में समाज ने सामूहिक रूप से क्षमा याचना की। इस अवसर पर रतन दुगड़ ने समस्त समाज की ओर से क्षमा याचना व्यक्त की। आयोजन में जीतो चेयरमैन धर्मेंद्र जैन, सुमित कोठारी सहित जीतो की पूरी टीम उपस्थित रही। इसके साथ ही समाज के अग्रजों एवं प्रमुख सदस्यों में ललित डांगी, कमलेश सोजातिया, बुधमल लुनिया, भंवरलाल बैद, अजय भंसाली, कल्पना बैद, सुरेश गोयल, कुंज बिहारी अग्रवाल, सरदारमल काकड़िया, बिनोद दुगड़, शीतल दुगड़, पवन मोदी, निर्मल बिंदायका, राजकुमार सेठी, संतोष सेठी, संजय जैन (सीए), संजय काला (इस्पात), सुरेश सेठी (कांकी), अशोक सेठी, सनत जैन, ललित सारावगी, दीपक पाटनी, सुमित बागड़ा, अमित जैन, पवन जैन, सुनील पहाड़िया, अशोक पहाड़िया, सौरभ जैन, धनपाल जैन, चंद्रेश मेघाणी, दिनेश जैन, पंकज जैन, अशोक जैन, महावीर जैन (टेंघरिया), चिराग जैन, विशाल जैन, मोहित जैन, दिनेश गंगवाल, कमल नयन जैन, संजीव जैन, बिनोद



**कुंज बिहारी अग्रवाल का सम्मान करते बिनोद दुगड़**

संचेती, ऋषभ नाहटा, सुनीता सेठीआ, अनीता गंगवाल, डोली जैन, ललिता सेठी, सपना पहाड़िया, मंजू पांड्या, मूलचंद डागा, कन्हैया लाल कोठारी, जयसिंह डागा, मक्खन जैन, राजकुमार जैन, संजय जैन, गिरीश जैन, सुधीर जैन, अनंत जैन, बिनोद ठोल्या, नवनीत जैन, अमित जैन, चंदन काला, निरंजन बाकलीवाल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। इस आयोजन ने जैन समाज की एकता को सुदृढ़ करते हुए क्षमा धर्म का संदेश जन-जन तक पहुंचाया।

## कोना एक्सप्रेसवे पर 36 किलो गांजे के साथ तीन गिरफ्तार

**हावड़ा, समाज्ञा**

सप्ताह के पहले ही दिन सोमवार की सुबह हावड़ा के कोना एक्सप्रेसवे पर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नाका चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान हैंगसांग क्रॉसिंग के पास एक संदिग्ध कार को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से लगभग 36 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसे तीन सूटकेस में छुपाकर रखा गया था। कार में एक महिला समेत कुल तीन लोग सवार थे। पुलिस ने मौके पर ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों की पहचान रूपा प्रामाणिक, शेख राइसुद्दीन उर्फ रॉकी और कार चालक राजू विश्वास के रूप में हुई है। बरामद गांजे का वजन मैजिस्ट्रेट की मौजूदगी में किया गया और फिर उसे जब्त कर लिया गया। तीनों आरोपितों से पुलिस पूछताछ कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह खेप कहां से लाई गई थी और कहां भेजी जानी थी। साथ ही, हावड़ा सिटी पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या इस गिरोह के पीछे कोई बड़ा नेटवर्क सक्रिय है।

## कल्याणी में गंगा स्नान करने गया युवक पानी की धारा में बहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** देवी पक्ष की शुरुआत में प्रतिपदा के दिन नदिया के कल्याणी में गंगा स्नान करने गया युवक अपने माता-पिता के सामने ही पानी की धारा में बह गया। युवक का नाम प्रभा पाल (25) है। वह हरिणघाटा के बिरही हाटपारा इलाके का निवासी था। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, इस दिन, सुबह लगभग 9 बजे, प्रभा अपने माता-पिता के साथ गंगा में स्नान करने गया था। सुबह नदी में पानी का प्रवाह था। पानी के वेग को झेलने में असमर्थ, युवक बह गया। उसके माता-पिता घबराहट में चीखने लगे। यह देखकर स्थानीय लोग जल्दी से किनारे की ओर दौड़े। तब तक युवक डूब चुका था। चकदह थाने की पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। गंगा में खोज शुरू की गई। दिन बीत जाने के बावजूद, युवक का कोई पता नहीं चला। युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को भी भेजा गया। लेकिन, दोपहर तक उसका पता नहीं चला। बताया जा रहा है कि पुलिस आसपास के घाटों पर नजर रख रही है। इस घटना से इलाके में मातम पसरा हुआ है।

## हावड़ा मंडल के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

लैडर शिफ्टिंग कार्य के संबंध में, हावड़ा मंडल के तहत बर्द्धमान-खाना अनुभाग के **खाना** स्टेशन में दिनांक 02.12.2025 से 05.12.2025 तक **04 दिनों** के लिए **प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग** तथा दिनांक 06.12.2025 से 08.12.2025 तक **03 दिनों** के लिए **नॉन-इंटरलॉकिंग** कार्य संपादित किए जाएंगे। फलस्वरूप, ट्रेनों के संचालन के लिए नीचे उल्लेखित व्यवस्थाएं की गई हैं:

### निरस्त रहने वाली एमईएमयू

• **बर्द्धमान से :** (1) **63505** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू एवं (2) **63507** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू दिनांक **05.12.2025, 06.12.2025** एवं **07.12.2025**. (3) **63511** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू दिनांक **06.12.2025**. (4) **63513** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू, (5) **63549** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू, (6) **63517** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू, (7) **63523** बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू, (8) **63583** बर्द्धमान-रामपुरहाट एमईएमयू एवं (9) **63011** बर्द्धमान-रामपुरहाट एमईएमयू दिनांक **06.12.2025** एवं **07.12.2025**. • **आसनसोल से :** (1) **63506** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू एवं (2) **63508** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू दिनांक **05.12.2025, 06.12.2025** एवं **07.12.2025**. (3) **63512** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू, (4) **63516** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू, (5) **63522** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू, (6) **63526** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू एवं (7) **63524** आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू दिनांक **06.12.2025** एवं **07.12.2025**. • **रामपुरहाट से :** (1) **63584** रामपुरहाट-बर्द्धमान एमईएमयू एवं (2) **63012** रामपुरहाट-बर्द्धमान एमईएमयू दिनांक **06.12.2025** एवं **07.08.2025**.

### निरस्त रहने वाली मेल/एक्सप्रेस

• **अप ट्रेनें :** (1) **13187 सियालदह-रामपुरहाट माँ तारा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (2) **12337 हावड़ा-बोलपुर शांतिनिकेतन एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (3) **12347 हावड़ा-रामपुरहाट एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (4) **13011 हावड़ा-मालदा टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025, 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (5) **22321 हावड़ा-सिउड़ी हूल एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (6) **12383 सियालदह-आसनसोल इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025) एवं (7) **13179 सियालदह-सिउड़ी एमईएमयू एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025 एवं 06.12.2025).

• **डाउन ट्रेनें :** (1) **13188 रामपुरहाट-सियालदह माँ तारा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (2) **12338 बोलपुर-हावड़ा शांतिनिकेतन एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (3) **12348 रामपुरहाट-हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (4) **13012 मालदा टाउन-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025, 07.12.2025 एवं 08.12.2025), (5) **22322 सिउड़ी-हावड़ा हूल एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (6) **12384 आसनसोल-सियालदह इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025) एवं (7) **13180 सिउड़ी-सियालदह एमईएमयू एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025).

### मेल/एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तन

• **अप ट्रेनें:** (1) **12343 सियालदह-हल्दीबाड़ी दार्जिलिंग मेल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025, 06.12.2025 एवं 07.12.2025) परिवर्तित मार्ग नैहाटी लिंक केबिन-बैण्डेल-कटवा-आजिमगंज-न्यू फरक्का होकर चलेगी साथ में बैण्डेल, कटवा, आजिमगंज, जंगीपुर रोड एवं न्यू फरक्का स्टेशनों पर ठहरेगी। (2) **13017 हावड़ा-आजिमगंज गणदेवता एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025) एवं (3) **13027 हावड़ा-आजिमगंज कविगुरु एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025, 06.12.2025 एवं 07.12.2025) परिवर्तित मार्ग बैण्डेल-कटवा-आजिमगंज होकर चलेगी साथ में बैण्डेल, अम्बिका कालना, नबद्वीप धाम, कटवा, सालार, बाजारसौ, खगड़ाघाट रोड एवं आजिमगंज स्टेशनों पर ठहरेगी। (4) **12377 सियालदह-न्यू अलीपुरद्वार पदातिक एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025, 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (5) **13153 सियालदह-मालदा टाउन गौड़ एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025, 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (6) **12363 कोलकाता-हल्दीबाड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025), (7) **13161 कोलकाता-बालुरघाट तेभागा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (8) **13147 सियालदह-बामनहाट उत्तरबंग एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (9) **13149 सियालदह-अलीपुरद्वार कंचनकन्या एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (10) **13175 सियालदह-सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 07.12.2025) एवं (11) **13173 सियालदह-सबरूम कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025) परिवर्तित मार्ग नैहाटी लिंक केबिन-बैण्डेल-कटवा-अहमदपुर होकर चलेगी साथ में बैण्डेल, नबद्वीप धाम एवं कटवा स्टेशनों पर ठहरेगी। (12) **12345 हावड़ा-गुवाहाटी सरायघाट एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (13) **13015 हावड़ा-जमालपुर कविगुरु एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (14) **13053 हावड़ा-राधिकापुर कुलिक एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (15) **13031 हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025) तथा (16) **13159 कोलकाता-जोगबनी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025) परिवर्तित मार्ग बैण्डेल-कटवा-अहमदपुर होकर चलेगी साथ में बैण्डेल, नबद्वीप धाम एवं कटवा स्टेशनों पर ठहरेगी।

• **डाउन ट्रेनें :** (1) **12344 हल्दीबाड़ी-सियालदह दार्जिलिंग मेल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025 एवं 06.12.2025) परिवर्तित मार्ग आजिमगंज-कटवा-बैण्डेल-नैहाटी लिंक केबिन होकर चलेगी साथ में आजिमगंज, कटवा, नबद्वीप धाम एवं बैण्डेल स्टेशनों पर ठहरेगी। (2) **13018 आजिमगंज-हावड़ा गणदेवता एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025) एवं (3) **13028 आजिमगंज-हावड़ा कविगुरु एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025) परिवर्तित मार्ग आजिमगंज-कटवा-बैण्डेल होकर चलेगी साथ में खगड़ाघाट रोड, बजारसौ, सालार, कटवा, नबद्वीप धाम एवं अम्बिका कालना स्टेशनों पर ठहरेगी। (4) **12378 न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025 एवं 06.12.2025), (5) **13154 मालदा टाउन-सियालदह गौड़ एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025, 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (6) **13148 बामनहाट-सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025 एवं 06.12.2025), (7) **13150 अलीपुरद्वार-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025 एवं 06.12.2025), (8) **13176 सिलचर-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025), (9) **13174 सबरूम-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025), (10) **12364 हल्दीबाड़ी-कोलकाता इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 07.12.2025) एवं (11) **13162 बालुरघाट-कोलकाता तेभागा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025) परिवर्तित मार्ग अहमदपुर-कटवा-बैण्डेल-नैहाटी लिंक केबिन होकर चलेगी साथ में कटवा, नबद्वीप धाम एवं बैण्डेल स्टेशनों पर ठहरेगी। (12) **12346 गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025 एवं 06.12.2025), (13) **13016 जमालपुर-हावड़ा कविगुरु एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025), (14) **13054 राधिकापुर-हावड़ा कुलिक एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025 एवं 07.12.2025) एवं (15) **13032 जयनगर-हावड़ा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2025 एवं 06.12.2025) परिवर्तित मार्ग अहमदपुर-कटवा-बैण्डेल होकर चलेगी साथ में कटवा, नबद्वीप धाम एवं बैण्डेल स्टेशनों पर ठहरेगी।

### संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू

• दिनांक **06.12.2025** एवं **07.12.2025** को **63519 बर्द्धमान-बोकारो स्टील सिटी एमईएमयू** बर्द्धमान के स्थान पर आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं बोकारो स्टील सिटी तक यात्रा करेगी तथा **63520 बोकारो स्टील सिटी-बर्द्धमान एमईएमयू** बर्द्धमान के स्थान पर आसनसोल में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी। • **13503 अप बर्द्धमान-हटिया एमईएमयू एक्सप्रेस** दिनांक **06.12.2025, 07.12.2025** एवं **08.12.2025** को बर्द्धमान के स्थान पर आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। • **13504 डाउन हटिया-बर्द्धमान एमईएमयू एक्सप्रेस** दिनांक **05.12.2025, 06.12.2025** एवं **07.12.2025** को बर्द्धमान के स्थान पर आसनसोल में संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी।

### पुनर्निर्धारण

(1) **63063 बर्द्धमान-तीनपहाड़ एमईएमयू** बर्द्धमान से दिनांक **06.12.2025** को 06.20 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **07.00 बजे** तथा दिनांक **07.12.2025** को 06.20 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **08.00 बजे** रवाना होगी। (2) **22301 हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस** हावड़ा से दिनांक **07.12.2025** को 05.55 बजे के स्थान पर पुनर्निर्धारित समय **07.05 बजे** रवाना होगी।

### नियंत्रण

(1) **12510 गुवाहाटी-एसएमवीटी बेंगलुरु सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस** (दिनांक 01.12.2025 यात्रा आरम्भ होने की तारीख) मार्ग में आवश्यकतानुसार 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी तथा **12510 गुवाहाटी-एसएमवीटी बेंगलुरु सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस** (दिनांक 02.12.2025 यात्रा आरम्भ होने की तारीख) मार्ग में आवश्यकतानुसार 01 घंटा 15 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। (2) **13160 जोगबनी-कोलकाता एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 02.12.2025) मार्ग में आवश्यकतानुसार 40 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। (3) **22504 डिब्रुगढ-कन्याकुमारी विवेक सुपरफॉस्ट एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2025) मार्ग में 01 घंटा 50 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी।

**वि.द्र.: 13427/13428 हावड़ा-साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस** दिनांक **06.12.2025** एवं **07.12.2025** को झापटेर ढाल एवं रामपुरहाट के बीच सभी स्टेशनों पर ठहरेगी।

**विशेष टिप्पणी:** ब्लॉक की अवधि के दौरान स्पेशल अथवा विलम्ब से चलने वाली ट्रेनें एवं बाद में चलाई जाने वाली नई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, मार्ग में आवश्यकतानुसार नियंत्रित की जाएंगी/परिवर्तित मार्ग पर चलाई जाएंगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जीएसटी सुधारों का प्रचार करने के लिये बाजार पहुंचे योगी आदित्यनाथ, व्यापारियों और ग्राहकों से की बात

**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों का प्रचार करने गोरखपुर की सड़कों पर निकले और झूलेलाल मंदिर से गोरखनाथ मंदिर मार्ग तक पैदल चलते हुए व्यापारियों व ग्राहकों से बातचीत की। आदित्यनाथ ने व्यापारियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि जीएसटी दरों में कमी का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने स्टाइल बाजार में जाकर संशोधित कर दरों का एक स्टिकर चिपकाया और इसके प्रभावों पर चर्चा की। उन्होंने दुकान मालिक को गुलाब का फूल देते हुए कहा, ''कपड़ों पर जीएसटी 12 से घटाकर पांच प्रतिशत करने से आपका बाजार मजबूत होगा।



ग्राहकों को यह लाभ जरूर मिलना चाहिए।'' आदित्यनाथ ने न्यू स्वीट्स पैलेस और गीता होलसेल मार्ट में दुकानदारों से बात की। इस दौरान विक्रेताओं ने उन्हें बताया कि उन्होंने जीएसटी दरों में संशोधन के बाद लागू कम दरों का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाना शुरू कर दिया है। एक मेडिकल स्टोर पर उन्हें बताया गया कि जीवन रक्षक दवाएं अब कर-मुक्त हैं और कई दवाओं पर सिर्फ पांच प्रतिशत कर लगता है। इस दौरान व्यापारियों ने मुख्यमंत्री पर फूल बरसाए और 'घटती जीएसटी, बढ़ता व्यापार, धन्य मोदी सरकार' के नारे लगाए।

## हर जरूरतमंद को दिलाएं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : योगी

**गोरखपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि हर जरूरतमंद को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। एक आधिकारिक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार योगी ने शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा पर शक्ति की उपासना से पहले जनसेवा की। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों की समस्याएं सुनीं और प्रभावी निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। सोमवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में लोगों तक योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश: औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले 131 चिकित्सक-कर्मचारियों का वेतन काटने का आदेश

**बदायूं (उप्र):** बदायूं जिले में हाल में विभिन्न सरकारी अस्पतालों में वरिष्ठ अधिकारियों के औचक निरीक्षक के दौरान अनुपस्थित पाए गए 131 चिकित्सकों और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया गया है। जिलाधिकारी अवनीश राय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से 31 अगस्त को वीडियो कांफ्रेंस के जरिये दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इस महीने तीन सितंबर को सुबह नौ बजे विभिन्न अधिकारियों से जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय और सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण करवाया गया था।

## सहारनपुर में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में 16 पुलिसकर्मी निलंबित

**सहारनपुर (उप्र):** सहारनपुर जिले में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में 16 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आशीष तिवारी ने नवरात्रि सुरक्षा व्यवस्था और मां शाकुंभरी देवी मेले समेत महत्वपूर्ण कार्यों के दौरान कर्तव्य में लापरवाही बरतने और बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। तिवारी ने 'पीटीआई-भाषा' से बात करते हुए कहा कि पुलिस बल में सख्त अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा, 'कर्तव्य में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।' अधिकारियों के अनुसार निलंबित पुलिसकर्मी संवेदनशील पदों पर तैनात होने के बावजूद बिना अनुमति के अनुपस्थित पाए गए।

## झारखंड: दो बच्चों की डूबने से मौत

**हजारीबाग:** झारखंड के हजारीबाग जिले में एक बांध में नहाते समय पांच और सात साल के दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार को बरही थाना क्षेत्र के सिंगपुर ओरिया गांव में हुई। मृतक चचेरे भाइयों की पहचान कुश कुमार (7) और सूर्यांश कुमार (5) के रूप में हुई है। बरही के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार विमल ने कहा, बच्चे बांध (चेकडैम) में नहाते समय डूबने लगे और मदद के लिए चिल्लाने लगे।

## बिहार: विधानसभा चुनाव से पहले सीमावर्ती जिलों में बनाई जाएंगी 393 जांच चौकी



**पटना:** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती जिलों में चौकसी बढ़ा दी गई है और शराब व अन्य मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी रोकने के लिए 23 प्रमुख स्थानों पर 393 जांच चौकी स्थापित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त सीमावर्ती राज्यों में 176 संवेदनशील स्थानों पर 'मिरर चेकपोस्ट' भी बनाई जाएंगी। 'मिरर चेकपोस्ट' पड़ोसी राज्य में भी ठीक सामने उसी स्थान पर बनी चौकी को कहा जाता है। इसके तहत उत्तर प्रदेश में 96, पश्चिम बंगाल में 34 और झारखंड में 46 'मिरर चेकपोस्ट' बनाई जाएंगी। एडीजी (मद्य निषेध इकाई) अमित कुमार जैन ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय में स्थित सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौजूदा वर्ष में जनवरी से अगस्त तक 6,20,322 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 72 करोड़ 64 लाख रुपये है। जैन ने बताया इसमें 12,515 लीटर देसी, 5,74,526 लीटर विदेशी शराब और 77,000 लीटर स्प्रिट शामिल है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में शराबबंदी लागू होने के बाद से अब तक 2,75,75,369 लीटर शराब जब्त की गई है, जिसमें से 97 प्रतिशत नष्ट की जा चुकी है। एडीजी ने कहा कि नेपाल से हो रही तस्करी की रोकथाम के लिए इस वर्ष जुलाई तक बिहार-नेपाल के सीमावर्ती जिलों के बीच 188 बैठकें की गई हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पड़ोसी राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों के साथ भी कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं।

## लखनऊ में जीएसटी बचत उत्सव सम्मेलन स्थगित

**लखनऊ:** राजधानी लखनऊ में 'जीएसटी बचत उत्सव' के तहत मंगलवार को आयोजित होने वाले विशेष सम्मेलन को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई ने एक बयान में कहा, ''अपरिहार्य कारणों से यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। इससे पहले पार्टी ने एक बयान में कहा, भारतीय कर व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता लाने के उद्देश्य से सरकार ने 'नेक्स्ट जेन जीएसटी' को लागू कर दिया है। इस अवसर पर जीएसटी बचत उत्सव मनाया जा रहा है। बयान में कहा गया था इस उत्सव के तहत केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 सितंबर मंगलवार को होटल क्लार्क, लखनऊ में एक विशेष सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। मगर अब यह कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

## उत्तराखंड में 'आई लव मोहम्मद' जुलूस के दौरान हंगामा, सात गिरफ्तार

**रुद्रपुर:** उत्तराखंड में ऊधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में बिना अनुमति धार्मिक जुलूस निकालने, पुलिस कर्मियों पर हमला करने तथा सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ करने के आरोप में मुख्य आरोपी समेत सात लोगों को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि काशीपुर के बांसफोड़ान क्षेत्र के अलीखां चौक पर रविवार रात करीब आठ बजे कुछ लोग अचानक 'आई लव मोहम्मद' लिखे बैनर तथा नारे लगाते हुए वाल्मीकि बस्ती की ओर जुलूस निकालने लगे जिसकी न तो प्रशासन से कोई अनुमति ली गयी थी और न ही पुलिस को कोई जानकारी दी गयी थी। उन्होंने बताया कि जुलूस में भीड़ बढ़ने लगी जिसने बवाल काटना शुरू कर दिया और जब पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश तो उस पर भी लाठी डंडो तथा पत्थरों से हमला




किया गया तथा सरकारी वाहनों में तोड़-फोड़ की गई। इस दौरान पुलिस उपनिरीक्षक अनिल जोशी से भी मारपीट की गई। ऊधमसिंहनगर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मणिकांत मिश्रा ने रात में ही घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व मोबाइल से बनाए गए वीडियो के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर उनकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के मुख्य आरोपी नदीम अख्तर सहित सात उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया है। अख्तर पर आरोप है कि उसने अली खां चौक पर करीब 400-500 लोगों के साथ एक सभा आयोजित की जिसके समाप्त होने के बाद भीड़ ने अचानक आई लव मोहम्मद के नारे लगाते हुए जुलूस निकालना शुरू कर दिया। पुलिस ने अख्तर समेत 400 उपद्रवियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## जामताड़ा में हावड़ा-नई दिल्ली सुपरफास्ट ट्रेन में लगी आग



**जामताड़ा:** झारखंड के जामताड़ा जिले में सोमवार को बक्सर-टाटा सुपरफास्ट ट्रेन में बड़ा हादसा टल गया. नई दिल्ली-हावड़ा वाया पटना रेलखंड पर विद्यासागर और जामताड़ा स्टेशन के बीच कालाझरिया रेलवे हॉल्ट के पास अचानक ट्रेन की एक बोगी में आग लग गई. घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग जान बचाने के लिए चलती ट्रेन से कूद पड़े. जानकारी के अनुसार, ट्रेन के इंजन के ठीक बाद तीसरी बोगी से अचानक धुआं उठने लगा. देखते ही देखते आग की लपटें भी नजर आने लगीं. यह देखते ही लोको पायलट ने तुरंत ट्रेन रोक दी. ट्रेन रुकते ही यात्री बोगियों से कूदने लगे और डर के मारे इधर-उधर भागने लगे. गनीमत रही कि इस दौरान कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ और न ही कोई जानी नुकसान हुआ.

## न्यूज अपडेट

### शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



वाराणसी/मथुरा (उप्र), 22 सितंबर (भाषा) शारदीय नवरात्र के पहले दिन सोमवार को वाराणसी स्थित माता के सजे-धजे मंदिरों में श्रद्धालुओं की लम्बी कतारें लग गयीं। नवरात्र के अवसर पर सभी देवी मंदिरों को सजाया गया। माता के मंदिरों में सुबह से ही भजन-कीर्तन और दर्शन-पूजन करने वालों का तांता लगा हुआ है। दुर्गाकुण्ड मंदिर के पुजारी कौशल गुरु ने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन भोर से ही श्रद्धालु मंदिर में कतार लगाकर दर्शन पूजन कर रहे है, भोर में मंगला आरती के बाद से भक्तजन कतारों में लगकर माता का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि नवरात्र के पर्व को देखते हुए मंदिरों के आस-पास सुरक्षा बलों को नियुक्त किया गया है और पुरुष बल के साथ ही महिला सुरक्षाकर्मियों को भी तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि ज्यादा भीड़-भाड़ वाली जगहों पर ड्रोन की सहायता से निगरानी की जा रही है। श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा में कैंट स्थित श्री काली देवी मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर और वृंदावन स्थित कात्यानी देवी मंदिर समेत विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी। भक्त देवी दुर्गा के भजन गा रहे थे और उन्हें नारियल अर्पित कर रहे थे।

### झारखंड में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत

**रामगढ़/गोड्डा:** झारखंड के गोड्डा और रामगढ़ जिले में सोमवार को हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई और कम से कम 15 व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पहली दुर्घटना रामगढ़ में हुई, जहां सुबह करीब 10 बजे चत्तर गांव में एक बस और ट्रक के बीच टक्कर हो गई। रामगढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) परमेश्वर प्रसाद ने बताया, ''इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 15 व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बाद में रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया गया है।'' महागामा के एसडीपीओ चंद्रशेखर आज़ाद ने बताया कि गोड्डा में हुई दूसरी घटना में शीतल गांव के पास एक कार के पलटकर सड़क किनारे खाई में गिर जाने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई।

### पटना में 24 सितंबर को होने वाली कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में शामिल होंगे राहुल और खरगे

**पटना:** अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 24 सितंबर को बिहार की राजधानी पटना में होने वाली कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में शामिल होंगे। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने सोमवार को यह जानकारी दी। अल्लावरू ने पत्रकार वार्ता में कहा कि बिहार में कांग्रेस ''स्वतंत्रता की दूसरी लड़ाई' लड़ रही है और यही कारण है कि यह बैठक यहां बुलाई गई है। उन्होंने कहा, 'सीडब्ल्यूसी बैठक में एआईसीसी अध्यक्ष खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मौजूद रहेंगे। सीडब्ल्यूसी के सभी अन्य सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के भी शामिल होने की उम्मीद है।'' अल्लावरू ने आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा 'वोट चोरी'' में शामिल है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'ऐसे विद्यार्थी की तरह हैं जो कड़ी मेहनत नहीं करता, बल्कि परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए गलत तरीकों का सहारा लेता है।' उन्होंने कहा कि बिहार ''राष्ट्रीय राजनीति का केंद्र' बन गया है। अल्लावरू ने कहा, 'हम बिहार में दूसरी आजादी की लड़ाई रहे हैं और इसी कारण सीडब्ल्यूसी बैठक यहां हो रही है।'

### बिहार के सीवान में कुख्यात अपराधी समेत चार लोग गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद

**पटना:** बिहार पुलिस ने सीवान जिले से एक कुख्यात अपराधी और उसके तीन सहयोगियों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में हथियार व कारतूस बरामद किए हैं। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि जिले की पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने संयुक्त कार्रवाई के तहत रविवार को सिसवन इलाके से चारों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ हत्या, रंगदारी और भूमि कब्जाने समेत 50 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।



## व्रत - त्यौहार

23.09.2025 : चंद्रदर्शन

25.09.2025 : वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत

29.09.2025 : महानिशा पूजा, सरस्वती आवाहन

## नवरात्रि में क्यों नहीं काटते हैं बाल और नाखून?

आज से यानी 22 सितंबर 2025 से शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि शुरू हो गया है। इन नौ दिनों में भक्तगण व्रत, पूजा और साधना में लीन रहकर मां दुर्गा की कृपा पाने का प्रयास करते हैं। व्रत और पूजा के अलावा, इन नौ दिनों में कई नियमों का पालन भी किया जाता है, इनमें से एक नियम बाल और नाखून न काटना का भी है।

अक्सर लोग इस परंपरा का पालन तो करते हैं, लेकिन इसके पीछे का कारण उन्हें नहीं पता होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसके पीछे कई कारण हैं, जो सीधे तौर पर आपकी साधना और भक्ति से जुड़े हैं। माना जाता है कि इन नियमों की अवहेलना करने से देवी रुष्ट हो सकती हैं और व्रत या पूजा-पाठ का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता। आइए इस लेख में जानते हैं कि आखिर नवरात्रि के दौरान बाल और नाखून काटना क्यों वर्जित माना गया है।

**देवी का वास**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि के प्रथम दिन कलश स्थापना के साथ मां दुर्गा का घर में आगमन होता है और वे नौ दिनों तक वास करती हैं। ऐसे में घर की सात्विकता और पवित्रता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इन पवित्र दिनों में भक्त बाल और नाखून काटने जैसे कामों से दूर रहते हैं, ताकि उनका पूरा ध्यान सिर्फ मां दुर्गा की भक्ति और साधना पर लगा रहे।

**तंत्र साधना और तामसिक ऊर्जा**

नवरात्रि का समय साधना और सिद्धि के लिए अत्यंत शक्तिशाली माना जाता है। तंत्र शास्त्र के अनुसार बाल और नाखून का संबंध तामसिक (नकारात्मक) ऊर्जा से होती है। इन नौ दिनों में जब भक्त अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा को जागृत करने का प्रयास कर रहा होता है, तब बाल या नाखून काटने से शरीर में तामसिक ऊर्जा का प्रभाव बढ़ सकता है, जो साधना में विघ्न डाल सकता है।

**भक्ति में एकाग्रता का प्रतीक**

बाल और नाखून न काटना एक प्रकार की तपस्या और सादगी का भी प्रतीक है। इन नौ दिनों में भक्त अपने शरीर की साज-सज्जा और अन्य दुनियावी कार्यों से ध्यान हटाकर पूरी तरह से मां दुर्गा की भक्ति में लीन होना चाहता है। यह नियम व्यक्ति को शारीरिक श्रृंगार से दूर कर उसकी एकाग्रता को बढ़ाता है और उसकी ऊर्जा को आध्यात्मिक कार्यों में केंद्रित करने में मदद करता है।

**प्राचीन दृष्टिकोण**

पुराने समय में आज की तरह सुरक्षित उपकरण नहीं होते थे और नाखून या बाल काटते समय कटने-छिलने का खतरा रहता था, जिससे संक्रमण हो सकता था। व्रत के दौरान शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता थोड़ी कमजोर हो सकती है, ऐसे में किसी भी प्रकार के संक्रमण से बचने के लिए भी इस नियम का पालन किया जाता था। यह परंपरा आज भी आस्था का एक महत्वपूर्ण अंग बनी हुई है।

## शारदीय नवरात्रि में जरूर लाएं ये चार चीजें, घर में आएगी सुख समृद्धि



शक्ति और साधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर 2025 को शुरू हो चुका है। यह नौ दिवसीय उत्सव न केवल आध्यात्मिक शुद्धि का, बल्कि घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि को आमंत्रित करने का भी सबसे शुभ समय होता है।

ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के अनुसार नवरात्रि के इन पावन दिनों में कुछ विशेष वस्तुओं को खरीदकर घर लाना अत्यंत मंगलकारी माना जाता है। मान्यता है कि इन चीजों को घर लाने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों के घर में सुख, शांति और धन-धान्य की कभी कमी नहीं होती। आइए इस लेख में उन शुभ चीजों के बारे में जानते हैं, जिन्हें इस नवरात्रि आपको अपने घर अवश्य लाना चाहिए।

### कमल का फूल या चित्र

कमल का पुष्प धन की देवी मां लक्ष्मी को अत्यंत प्रिय है और मां दुर्गा उन्हीं का स्वरूप हैं। नवरात्रि के दौरान घर में कमल का फूल लाना बहुत शुभ होता है। यदि ताजा पुष्प संभव न हो तो आप कमल के फूल का चित्र भी पूजा घर में लगा सकते हैं। माना जाता है कि इससे घर में मां लक्ष्मी का वास स्थिर होता है और धन संबंधी परेशानियां दूर होती हैं।

### सोलह श्रृंगार का सामान

मां दुर्गा को 'अखंड सौभाग्यवती' माना जाता है, इसलिए नवरात्रि में सोलह श्रृंगार की सामग्री घर लाना बेहद शुभ है। इसमें लाल चुनरी, बिंदी, सिंदूर, चूड़ियां आदि शामिल होती हैं। इन वस्तुओं को घर लाकर पहले देवी को अर्पित करें और फिर प्रसाद के रूप में घर की महिलाएं उपयोग करें। ऐसा करने से देवी प्रसन्न होकर अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद प्रदान करती हैं।

### मोरपंख

मोरपंख को अत्यंत पवित्र माना गया है और इसका संबंध मां सरस्वती और कार्तिकेय से भी है। नवरात्रि में मोरपंख घर लाकर उसे पूजा स्थल या बच्चों के अध्ययन कक्ष में रखने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। यह घर के वास्तु दोषों को दूर करने में भी सहायक है और इससे बच्चों की बुद्धि तीव्र होती है तथा एकाग्रता बढ़ती है।

### चांदी का सिक्का या हाथी

नवरात्रि के किसी भी शुभ दिन चांदी का सिक्का या छोटी सी चांदी की हाथी की मूर्ति घर लाएं। चांदी को समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस सिक्के या हाथी की पूजा कर इसे अपनी तिजोरी या धन रखने के स्थान पर रख दें। मान्यता है कि इस उपाय से घर में धन-संपत्ति में बरकत होती है और आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

## मन को साधने का अभ्यास

/ चन्द्र प्रभा सूद

मन बच्चों की तरह अड़ियल या हठी होता है। जब चाहे वह जिद करने लगता है और वहीं अड़कर बैठ जाता है। इससे इन्सान को परेशानी का सामना करना पड़ जाता है। मनुष्य कुछ करना चाहता है पर यह उसे किसी विचार विशेष पर अटका देता है। उसे वहाँ से आगे बढ़ने ही नहीं देता। बच्चे की तरह इस मन को जिस काम के लिए मना किया जाता है, वह उतना ही उस काम को करना चाहता है।


इसलिए मन को मना मत करो। मन जो करना चाहता है, थोड़ी देर के लिए उसे मनमानी करने देनी चाहिए। इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि उसकी हर गलत बात पर सही होने की मोहर लगा दी जाए। उसकी सोच यदि सही है, तो उस पर विचार कर लेने में कोई हानि नहीं होती। इसके विपरीत यदि उसकी सोच गलत है, तो उसके लिए उसे तत्क्षण डपट देना चाहिए। उस समय अपने मन को उन कुविचारों से हटाकर, अन्यत्रा सुविचारों की ओर प्रवृत्त करना चाहिए।

भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को समझाते हुए, श्रीमद्भवद्गीता में मन को साधने के निम्न उपाय बताए हैं-

**असंशयं महाबाहो मनो दुर्निग्रहं चलम्।**
**अभ्यासेन तू कौन्तेय वैराग्येण च गृह्यते।।**

अर्थात् भगवान् श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा - हे महाबाहो! निःसन्देह यह मन बहुत चंचल है और कठिनता से वश में होता है। हे कुन्तीपुत्रा! उसे अभ्यास और वैराग्य के द्वारा अपने वश में किया जा सकता है।

मन को जीतना बहुत ही कठिन है। यह हर समय इधर-उधर भागता रहता है। हठयोग से यानी बलपूर्वक इसे साधा जा सकता है। हठयोग का अर्थ है कि मन



बार-बार झांसा देकर यहां वहां भागेगा। जैसे अड़ियल बच्चे की जिद पूरी न करते हुए, उसके माता-पिता उसे किसी भी तरह डाँट-डपट करके अथवा समझा-बुझाकर जबरदस्ती वापिस ले आते हैं। उसी प्रकार इस मन को सही मार्ग पर लौटाकर लाने के लिए उसके साथ भी बच्चे की तरह ही कठोर व्यवहार करना पड़ता है।

बार-बार इस मन से हार मानकर हथियार डाल देने से मनुष्य का विनाश होता है। मन हमेशा मनुष्य को पतन की ओर ले जाता है, उसे गलत कामों और विषय वासनाओं में लिप्त कर देता है। मन को यदि दबाने या मारने का प्रयास किया जाएगा, तो वह और अधिक उपद्रवी बन जाएगा। इसलिए उसे सुधारने की आवश्यकता होती है। जब मन स्वच्छ होता है तब उसमें भक्ति, निष्ठा और प्रेम आदि गुणों का उदय होता है।

उसे नियंत्रित करने के लिए बार-बार ध्यान करने की आवश्यकता होती है। इससे मन शुद्ध व पवित्रा होने लगता है। उसमें व्याप्त होने वाली सभी बुराइयों का धीरे-धीरे नाश होता है। यदि पानी गन्दा होता है या कंकर मारने से उसमें हलचल हो रही है, तो मनुष्य उसमें अपना प्रतिबिम्ब नहीं देख सकता। उसी तरह यदि मन विचलित है या उसमें हलचल हो रही है तो उसे उद्वेलित होते हुए जल में मनुष्य अपना वास्तविक स्वरूप नहीं देख सकता।

मन को साधने के लिए पुनः पुनः अभ्यास करना पड़ता है। अपने मार्ग से भटकने वाले इस मन को सीधे रास्ते पर लाने के लिए कठोर श्रम करना पड़ता है। यहाँ एक उदाहरण लेते हैं। धान की फसल को एक बार बोने के उपरान्त किसान उसे वहाँ से उखाड़कर अन्यत्रा बोता है। उसी प्रकार इस चंचल मन को सांसारिक वासनाओं से उन्मुख करके आत्मोन्नति या ईश्वर को पाने के मार्ग की ओर प्रवृत्त करना पड़ता है। जो मनुष्य अपने मन को साध लेता है, वही सफलता के सोपानों पर चढ़ता है। (उर्वशी)

## क्यों अष्टमी या नवमी के दिन ही करते हैं कन्या पूजन?

हिंदू धर्म में नवरात्रि का पर्व अत्यंत पावन माना जाता है। इस अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की उपासना की जाती है। इन नौ दिनों में भक्त पूरी श्रद्धा के साथ व्रत-पूजन करते हैं। यह पर्व शक्ति की साधना और देवी आराधना का प्रतीक है। नवरात्रि का समापन नवमी तिथि को होता है, और इससे पहले अष्टमी व नवमी के दिन कन्या पूजन की विशेष परंपरा निभाई जाती है। शास्त्रों में भी कन्या पूजन को अत्यंत शुभ और महत्वपूर्ण बताया गया है।

**क्यों किया जाता है कन्या पूजन?**

नवरात्रि के अंत में की जाने वाली कन्या पूजा मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना का प्रतीक मानी जाती है। माना जाता है कि छोटी कन्याओं में देवी शक्ति का वास होता है। इसलिए उन्हें सम्मानपूर्वक आमंत्रित कर भोजन कराया जाता है और वस्त्र या उपहार भेंट किए जाते हैं। माना जाता है कि कन्याओं की पूजा करने से मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कन्या पूजन अष्टमी और नवमी को ही फलदायी माना जाता है।

**कन्या पूजन का महत्व**

प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में कन्या पूजन का विशेष महत्व बताया दया है। मार्कण्डेय पुराण के अनुसार, अष्टमी और नवमी को कन्या पूजन करने से पापों का नाश होता है और मां दुर्गा की असीम कृपा प्राप्त होती है। देवी भागवत पुराण में उल्लेख मिलता है कि कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर पूजने से मोक्ष और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।

**कन्या पूजन से मिलने वाले लाभ**

गहरी मान्यता है कि नवरात्रि के दौरान किए गए कन्या पूजन से घर में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। मां दुर्गा प्रसन्न होकर साधक को धन, संतान सुख और मानसिक शांति प्रदान करती हैं। साथ ही यह पूजा वास्तु दोष और पारिवारिक कलह को दूर करता है।

**कन्या पूजन की विधि**

- नवरात्रि में 2 से 10 वर्ष की नौ कन्याओं को आमंत्रित कर पूजन करें, इन्हें नौ देवियों का प्रतीक माना जाता है।
- सबसे पहले कन्याओं को आदरपूर्वक आसन पर बैठाएं और उनके चरण धोकर शुद्ध करें।
- इसके बाद चंदन, कुमकुम, पुष्प और अक्षत से तिलक करें।
- कन्याओं को माता की चुनरी ओढ़ाई जाती है।
- उन्हें विशेष भोजन परोसें, जिसमें हलवा, पूड़ी, चना और अन्य सात्विक व्यंजन शामिल होने चाहिए।
- पूजन के उपरांत कन्याओं को वस्त्र, उपहार या दक्षिणा देकर विदा किया जाता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अंडमान के बैरन द्वीप में मामूली ज्वालामुखी विस्फोट

**पोर्ट ब्लेयर :** अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के बैरन द्वीप पर आठ दिन के भीतर दो बार मामूली ज्वालामुखी विस्फोट हुए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बैरन द्वीप भारत का एकमात्र सक्रिय ज्वालामुखी है। अधिकारियों ने बताया कि ज्वालामुखी विस्फोट 13 और 20 सितंबर को हुए हालांकि ये मामूली थे। यह द्वीप पोर्ट ब्लेयर से समुद्र मार्ग से लगभग 140 किलोमीटर दूर है। बैरन द्वीप का कुल क्षेत्रफल 8.34 वर्ग किलोमीटर है अंडमान और निकोबार प्रशासन के आंकड़ों के अनुसार, बैरन द्वीप पर पहला विस्फोट 1787 में हुआ था इसके बाद 1991, 2005, 2017 और 2022 में हल्के विस्फोट हुए।

### उच्चतम न्यायालय ने जैकलीन फर्नांडीज की याचिका खारिज करने के आदेश में हस्तक्षेप से इनकार किया



**नयी दिल्ली :** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को सोमवार को उच्चतम न्यायालय से राहत नहीं मिल सकी और शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया, जिसमें कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में ईसीआईआर (प्राथमिकी के समकक्ष) रद्द करने की अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की याचिका खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने फर्नांडीज का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से कहा, ''आप इसे वापस ले लीजिए। उचित समय पर आइए। यह बेहतर विकल्प होगा। हम इस मौके पर हस्तक्षेप नहीं करेंगे।''


### साइबर अपराध गिरोह का एक प्रमुख सदस्य गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक साइबर अपराध गिरोह के फरार सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उक्त गिरोह का भंडाफोड़ इस साल जुलाई में हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नीरज ने सुधीर पलांडे के नाम पर एक 'म्यूल' खाता खोला था, जिसमें साइबर अपराध के शिकार विभिन्न लोगों से एक दिन में ठगी गई 3.81 करोड़ रुपये की राशि डाली गई थी और उसी दिन अन्य खातों में हस्तांतरित की गई थी। 'म्यूल' खाते से आशय किसी व्यक्ति के नाम से बनाए गए ऐसे बैंक खाते से है, जिसका इस्तेमाल अपराधी अपने बैंक खातों के माध्यम से अवैध रूप से प्राप्त धन को सफेद करने के लिए करते हैं। सीबीआई ने मामले में पलांडे और गिरोह के दो अन्य सदस्यों को जुलाई में गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। अधिकारियों के मुताबिक, जांच एजेंसी ने हाल ही में गिरोह के तीन सदस्यों के खिलाफ पहला आरोपपत्र दाखिल किया था।

### विजयादशमी से आरएसएस के शताब्दी वर्ष की होगी शुरुआत, नागपुर में भागवत करेंगे संबोधित

**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष समारोहों की शुरुआत आगामी दो अक्टूबर को विजयादशमी के कार्यक्रम के साथ होगी जिसे संघ प्रमुख मोहन भागवत संबोधित करेंगे और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि होंगे। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने सोमवार को यहां रेशमबाग में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम 2026 में विजयादशमी तक आयोजित किए जाएंगे। आंबेकर ने कहा, ''2 अक्टूबर को विजयादशमी कार्यक्रम में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि होंगे और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत दुनिया भर के स्वयंसेवकों को संबोधित करेंगे। बजाज फिनसर्व के अध्यक्ष संजीव बजाज, डेक्कन इंडस्ट्रीज के केवी कार्तिक और लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कालिता कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित हैं।''

# प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश में 5,100 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास किया



प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा में जीर्णोद्धार के बाद त्रिपुरेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना की

**ईटानगर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विकास का जो भी काम मुश्किल होता है कांग्रेस उस काम को कभी हाथ नहीं लगाती और यह उसकी पुरानी आदत है हालांकि कांग्रेस की इस आदत से पूर्वोत्तर को बहुत नुकसान पहुंचा है। अरुणाचल प्रदेश में दो बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं समेत 5,100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का अनावरण करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने जीएसटी सुधारों की सराहना की और कहा कि नवरात्र के पहले दिन से कम दरें लागू होने से लोगों को इस त्योहारी सीजन में ''दोहरी सौगात'' मिलेगी। मोदी ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए दावा किया कि विपक्षी पार्टी ने विकास के मामले में अरुणाचल प्रदेश की अनदेखी की क्योंकि राज्य में केवल दो लोकसभा सीट हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह जानते थे कि पूर्वोत्तर का विकास दिल्ली से नहीं किया जा सकता, इसलिए उन्होंने मंत्रियों और अधिकारियों को इस क्षेत्र में कई बार भेजा और वह स्वयं यहां 70 से अधिक बार आए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''कांग्रेस की एक पुरानी आदत है कि विकास का जो भी काम मुश्किल होता है, उस काम को वह कभी हाथ ही नहीं लगाती। वे इसे छोड़ देते हैं। कांग्रेस की इस आदत से अरुणाचल प्रदेश को और पूरे पूर्वोत्तर को बहुत नुकसान हुआ।'' मोदी ने कहा, ''पर्वतीय और जंगली क्षेत्रों में जहां विकास कार्यों में चुनौती थी, कांग्रेस उन क्षेत्रों को पिछड़ा घोषित कर देती थी और उन्हें भूल जाती थी।'' मोदी ने कहा कि जिन क्षेत्रों को कभी सड़क निर्माण के लिए असंभव माना जाता था, वहां अब आधुनिक राजमार्ग हैं। उन्होंने कहा, ''सेला सुरंग जो कभी अकल्पनीय थी, अब अरुणाचल की गौरवशाली पहचान बन गई है। होलोंगी हवाई अड्डे पर एक नया टर्मिनल है और दिल्ली के लिए सीधी उड़ानें हैं। इससे छात्रों और पर्यटकों के लिए यात्रा आसान हुई है और किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक भेजने में भी मदद मिली है।'' उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने अरुणाचल प्रदेश की इसलिए भी उपेक्षा की क्योंकि केवल दो लोकसभा सीटें हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी नामुमकिन को मुमकिन बनाते हैं: उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन




**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नामुमकिन को मुमकिन बना सकते हैं। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित दुनिया के तमाम नेताओं के साथ मोदी के संबंधों पर प्रकाश डाला। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री को अपना मित्र बताया है। मोदी के भाषणों पर आधारित दो पुस्तकों के विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका ने भले ही भारतीय वस्तुओं के आयात पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, लेकिन ट्रंप ने मोदी को हमेशा अपना अच्छा दोस्त बताया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह अंतरराष्ट्रीय राजनीति में मतभेदों के बावजूद चीनी राष्ट्रपति के भी प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं। उपराष्ट्रपति पद संभालने के बाद अपने पहले सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने कहा, अमेरिका ने भारत पर भले ही 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, लेकिन ट्रंप हमेशा कहते हैं कि मोदी जी मेरे अच्छे दोस्त हैं। ऐसी स्थिति में भी उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि मैं मोदी के खिलाफ हूं। वह हमेशा कहते हैं कि मैं मोदी के साथ हूं। राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री रूस के राष्ट्रपति पुतिन के भी बेहद अच्छे मित्र हैं। उन्होंने कहा, ...साथ ही, अंतरराष्ट्रीय राजनीति में मतभेदों के बावजूद, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग भी मोदी जी के अच्छे मित्र हैं। आज हमने यह देखा है। यही कारण है कि वह (प्रधानमंत्री मोदी) नामुमकिन को मुमकिन बना देते हैं।

# भारत और मोरक्को ने रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोरक्को के उनके समकक्ष आब्देलतीफ लौदियी के बीच वार्ता के बाद, दोनों देशों ने सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। सिंह वर्तमान में मोरक्को की यात्रा पर हैं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ''मोरक्को के रक्षा मंत्री आब्देलतीफ लौदियी के साथ एक बहुत ही उपयोगी बैठक हुई और हमने रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।'' अधिकारियों ने बताया कि यह समझौता ज्ञापन आदान-प्रदान, प्रशिक्षण और औद्योगिक संबंधों सहित द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को विस्तारित और गहन बनाने के लिए एक संस्थागत ढांचा प्रदान करेगा। सिंह ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में मोरक्को के साथ भारत के संबंध उल्लेखनीय रूप से बढ़ रहे हैं। हमने आतंकवाद विरोधी प्रयासों, समुद्री सुरक्षा, साइबर रक्षा और क्षमता निर्माण सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।''

# अहमदाबाद विमान हादसा: सुप्रीम कोर्ट ने पायलट को दोषी ठहराने वाले बयान पर केंद्र को नोटिस जारी



**नयी दिल्ली :** अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया विमान हादसे की प्राथमिक जांच रिपोर्ट के सेलेक्टिव लीक पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चिंता जताई है। इसकी वजह से कुछ विदेशी मीडिया को पायलट पर दोष देने वाले नैरेटिव गढ़ने में मदद मिलने का दावा किया जा रहा है। अदालत ने यह टिप्पणी पायलट को दोष देने की कोशिश को लेकर की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग पर केंद्र को नोटिस जारी किया है। अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही मिनट बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दरअसल, इस हादसे की किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने प्राथमिक जांच रिपोर्ट की सेलेक्टिव लीक को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती अफवाहों और अटकलों से बचने की जरूरत है। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने अदालत से कहा, 'प्राथमिक रिपोर्ट में पायलट की भूल की ओर इशारा था, जिसे कई मीडिया संगठनों ने उठाया।' इसपर जस्टिस कांत बोले, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण था।' भूषण ने अमेरिकी अखबार द वॉल स्ट्रीट जर्नल के बारे में कहा कि प्राथमिक रिपोर्ट जारी होने से पहले ही इसने सीनियर पायलट को दोष दे दिया।

### दिल्ली सरकार ने रामलीला और दुर्गा पूजा के लिए मध्य रात्रि तक लाउडस्पीकर के उपयोग की अनुमति दी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने रामलीला, दुर्गा पूजा, दशहरा और इससे संबंधित आयोजनों के दौरान मध्य रात्रि तक लाउडस्पीकर और सार्वजनिक संबोधन प्रणालियों के उपयोग की सोमवार को अनुमति दे दी। लाउडस्पीकर पर यह छूट 22 सितंबर से तीन अक्टूबर तक वैध है और इसे सरकार के अनुरोध के बाद उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की मंजूरी से प्रदान किया गया। इस छूट के तहत ध्वनि प्रदूषण नियमों के पालन की शर्त पर इसके उपयोग की समय सीमा रात 10 बजे से बढ़ाकर मध्यरात्रि 12 बजे कर दी गई है। आवासीय क्षेत्रों में आयोजकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि ध्वनि का स्तर 45 डेसिबल से अधिक न हो।

### इंदौर ने मनाया 'नो कार डे', पेट्रो ईंधनों की खपत में 80,000 लीटर की कटौती का दावा

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** सड़कों पर वाहनों की बड़ी तादाद के कारण यातायात की बाधाओं और वायु प्रदूषण चुनौतियों से जूझ रहे देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में सोमवार को 'नो कार डे' मनाया गया। स्थानीय प्रशासन ने दावा किया कि उसकी अपील पर लोगों ने शहर में आम दिनों के मुकाबले कारों का कम इस्तेमाल किया जिससे पेट्रोलियम ईंधनों की दैनिक खपत में करीब 80,000 लीटर की कटौती हुई और पर्यावरण को इसका फायदा मिला। 'नो कार डे' पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव और पुलिस के कुछ अधिकारी साइकिल चलाते नजर आए, जबकि प्रशासन के कुछ आला अफसर बिजली से चलने वाले दोपहिया वाहनों के जरिये अपने कार्यालय पहुंचे। महापौर भार्गव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि नगर निगम ने स्थानीय निवासियों से अपील की थी कि वे 'नो कार डे' पर कार के बजाय साइकिल, ई-रिक्शा और लोक परिवहन साधनों का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें।

### एअर इंडिया एक्सप्रेस के कॉकपिट क्षेत्र में पहुंचा यात्री, मामले की जांच शुरू

**मुंबई/वाराणसी :** एअर इंडिया एक्सप्रेस की 22 सितंबर को बेंगलुरु से वाराणसी जाने वाली उड़ान के दौरान एक यात्री शौचालय की तलाश में कॉकपिट प्रवेश क्षेत्र में पहुंच गया। विमानन कंपनी ने सोमवार को एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि मामले की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई और घटना की जांच जारी है। एअर इंडिया एक्सप्रेस ने एक बयान में बताया, हमें वाराणसी जाने वाली हमारी एक उड़ान में हुई घटना की जानकारी मिली है, जहां एक यात्री शौचालय की तलाश में कॉकपिट प्रवेश क्षेत्र में पहुंच गया।

# छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में दो शीर्ष नक्सली ढेर, 40-40 लाख रुपये का था इनाम

**नक्सलियों के खिलाफ बड़ी जीत, दो शीर्ष नेता मारे गए: गृह मंत्री शाह**



**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में सोमवार को सुरक्षाकर्मियों से हुई मुठभेड़ में 40-40 लाख रुपये के इनामी दो शीर्ष माओवादी नेता ढेर हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नक्सलियों की पहचान राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी (63) और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी (67) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की केंद्रीय समिति के सदस्य थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अभियान की प्रशंसा की और इसे सुरक्षा बलों की बड़ी जीत बताया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में एक निर्णायक उपलब्धि बताया। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुरिया ने बताया कि आज सुबह महाराष्ट्र से सटे अबूझमाड़ के जंगल में उस समय मुठभेड़ शुरू हो गई जब सुरक्षा बल क्षेत्र में बड़े माओवादियों की गतिविधियों की सूचना के आधार पर तलाशी अभियान पर थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से दो पुरुष माओवादियों के शव बरामद होने से पहले कई घंटों तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही।

# जुबिन के पार्थिव शरीर का दूसरा पोस्टमॉर्टम आज सुबह होगा: असम के मुख्यमंत्री

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि लोगों के एक वर्ग की मांग के बाद गायक जुबिन गर्ग के पार्थिव शरीर का दूसरा पोस्टमॉर्टम मंगलवार सुबह गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जाएगा। पहला पोस्टमॉर्टम सिंगापुर में किया गया था, जहां 19 सितंबर को गर्ग की डूबने से मौत हो गई थी। गर्ग का अंतिम संस्कार मंगलवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ गुवाहाटी के बाहरी इलाके में किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि दूसरे पोस्टमॉर्टम के बाद सुबह साढ़े नौ बजे गर्ग के पार्थिव शरीर को श्मशान घाट के लिए ले जाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा, यह (दूसरा पोस्टमार्टम) जनता की मांग नहीं, बल्कि कुछ अराजक तत्वों की मांग है और हमने उनकी (गर्ग की) पत्नी की सहमति से इसे करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हम जुबिन को लेकर कोई विवाद खड़ा नहीं करना चाहते, इसलिए यह फैसला लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह निजी तौर पर इस पक्ष में नहीं हैं कि 'उनके (गर्ग के) पार्थिव शरीर को दोबारा से पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया से गुजरना पड़े, लेकिन जब कोई वर्ग, भले ही वे संख्या में कम क्यों न हों, इसकी मांग करता है तो 'मेरी व्यक्तिगत इच्छा मायने नहीं रखती। यह लोकतंत्र है।'

### आरेडिका में राजभाषा पुरस्कार वितरण एवं विशाल कवि सम्मेलन आयोजित




**आरेडिका :** राजभाषा पखवाड़ा 2025 के तहत आरेडिका में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में सोमवार को सरस्वती प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक संध्या, विशाल कवि सम्मेलन एवं राजभाषा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरेडिका महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा और आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा मुख्य अतिथि रहीं। इस अवसर पर आरेडिका की हिंदी त्रैमासिक प्रगति पत्रिका के सितम्बर अंक का विमोचन किया गया। सम्मेलन में हास्य कवि मुकुल महान, अरविन्द झा, शृंगार कवयित्री शिखा श्रीवास्तव, गीतकार योगेश शुक्ला और प्रो. डॉ. विनम्र सेन सिंह ने अपनी रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। आरेडिका की कनिष्ठ लिपिक प्रियंका राणा ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि बच्चों ने समूह नृत्य से कार्यक्रम में रंग भर दिए। राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में अधिकारियों की श्रेणी में अनिल कुमार श्रीवास्तव ने प्रथम, शबीह अहमद ने द्वितीय और मोहित तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कर्मचारी श्रेणी में हिमांशु द्विवेदी, ब्रजेश कुमार और राजेश कुमार यादव ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। वाक् प्रतियोगिता में हिमांशु द्विवेदी प्रथम, शिखा रावत द्वितीय और भावना तृतीय रहीं। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द सहित कई वरिष्ठ अधिकारी, आरेडिका महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 'स्पर्श' ने पुरानी विसंगतियों को दूर किया, औसत निपटान समय को कम किया: रक्षा मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** पेंशन प्रशासन प्रणाली-रक्षा (स्पर्श) ने 87 प्रतिशत मामलों में पुरानी विसंगतियों का समाधान किया है और शिकायत निवारण को भी मजबूत किया है, जिससे औसत निपटान समय घटकर अब केवल 20 दिन रह गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 'स्पर्श' रक्षा कर्मियों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी पेंशन प्रणाली है। यह शासन का एक पारदर्शी और समावेशी मॉडल है – जो पेंशन प्रशासन को बिखराव से एकीकरण और सम्मान में तब्दील कर रहा है। बयान के अनुसार, वर्तमान में, 202 रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) कार्यालय, 4.63 लाख सामान्य सेवा केंद्र, और 5,200 से अधिक बैंक शाखाएं 'स्पर्श' सेवा केंद्रों के रूप में काम कर रही हैं। बयान में कहा गया है, वर्तमान में, भारत और नेपाल के 31.54 लाख रक्षा पेंशनभोगी अब स्पर्श से जुड़ गए हैं। इसमें कहा गया है कि (स्पर्श) प्रणाली ने पुरानी विसंगतियों का निपटारा किया है। बयान के मुताबिक, 6.43 लाख मामलों में से 5.60 लाख (87 फीसदी) का निपटारा किया गया है, जिससे रक्षा क्षेत्र के पेंशनभोगियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है। बयान में कहा गया है कि इसने शिकायत निवारण को भी मजबूत किया है, जिससे निपटान का औसत समय अप्रैल 2025 के 56 दिनों से घटकर अब केवल 20 दिन रह गया है।

# उच्च न्यायालयों के कुछ न्यायाधीश अपने काम पूरे कर पाने में असमर्थ: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कुछ उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के ''अपने काम पूरे कर पाने'' में असमर्थ रहने पर नाराजगी जताते हुए सोमवार को उनके ''कार्य-निष्पादन मूल्यांकन'' का आह्वान किया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हालांकि, वह उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों के लिए ''स्कूल प्रिंसिपल'' की तरह काम नहीं करना चाहती, लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए एक स्व-प्रबंधन प्रणाली होनी चाहिए कि ''उनकी मेज पर फाइल की ढेर न लगे।'' पीठ ने कहा, ''ऐसे भी न्यायाधीश हैं जो दिन-रात काम करते हैं और मामलों का शानदार निस्तारण कर रहे हैं, लेकिन साथ ही कुछ न्यायाधीश ऐसे भी हैं जो दुर्भाग्यवश काम पूरे कर पाने में असमर्थ हैं – कारण चाहे जो भी हो, अच्छे या बुरे, हम नहीं जानते और शायद कुछ परिस्थितियां भी हो सकती हैं।'' शीर्ष अदालत ने कहा, ''मान लीजिए कि एक न्यायाधीश किसी आपराधिक अपील पर सुनवाई कर रहा है, तो हम उससे एक दिन में 50 मामलों पर फैसला करने की उम्मीद नहीं करते हैं और एक दिन में एक आपराधिक अपील पर फैसला करना अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। लेकिन जमानत के मामले में, अगर कोई न्यायाधीश कहता है कि मैं एक दिन में केवल एक जमानत याचिका पर फैसला करूंगा, तो यह ऐसी बात है जिसके लिए आत्मावलोकन करने की आवश्यकता है।'' पीठ ने कहा, ''परिणामस्वरूप, शीर्ष अदालत ने 'कामकाज के मूल्यांकन' पर जोर दिया, लेकिन इस प्रक्रिया को निर्देशित करने वाले मानदंडों को रेखांकित किया है।'' न्यायालय ने कहा, ''हमारा इरादा किसी स्कूल के प्रिंसिपल की तरह काम करने का नहीं है और व्यापक दिशानिर्देश होने चाहिए, ताकि न्यायाधीशों को पता हो कि उनके पास क्या काम है और उन्हें कितना काम करना है। न्यायपालिका से आम जनता की

# अब छंट गया है बादल, अग्निपरीक्षा में खरे उतरे हम: गौतम अदाणी



**नयी दिल्ली :** अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी ने कहा है कि बाजार नियामक सेबी की जांच में सभी आरोप खारिज होने के बाद अब उनका समूह नवोन्मेषण को तेज करने, पारदर्शिता बढ़ाने और दीर्घकालिक प्रभाव वाली परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करेगा। अदाणी ने हिंडनबर्ग द्वारा लगाए गए आरोपों से मुक्त होने के बाद कर्मचारियों को भेजे एक आंतरिक संदेश में कहा, ''आज वह बादल छंट गया है जो दो साल से हमारे ऊपर मंडरा रहा था। सेबी की व्यापक जांच ने जनवरी, 2023 में आई रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है। अब बंद हो चुकी अमेरिकी निवेश फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने जनवरी, 2023 में अदाणी समूह पर खातों में गड़बड़ी, शेयर कीमतों में हेराफेरी और गैर-पारदर्शी विदेशी संस्थाओं के उपयोग का आरोप लगा था। इससे समूह के शेयरों में जबर्दस्त गिरावट आई थी और समूह की कंपनियों के सामूहिक बाजार पूंजीकरण में करीब 150 अरब डॉलर तक की गिरावट आई थी। हालांकि, समूह ने शुरू से ही आरोपों को नकार दिया था। समूह के चेयरमैन अदाणी ने इसे 'लक्षित एवं बहुआयामी हमला' बताने के साथ वैश्विक समीक्षा के दौर में अपने कर्मचारियों की प्रतिबद्धता की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि इस दौर में भी समूह के बंदरगाह, बिजली संयंत्र, हवाई अड्डे, सीमेंट और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं आगे बढ़ती रहीं।अदाणी ने कहा, ''आपने साबित कर दिया कि दबाव में काम को अंजाम देना ही चरित्र की असली परीक्षा होती है और यह दिखा दिया कि अदाणी का चरित्र अटूट है। भविष्य की प्राथमिकताएं बताते हुए अदाणी ने कहा कि ईमानदारी और पारदर्शिता समूह की नींव बनी रहनी चाहिए। उन्होंने ऊर्जा, लॉजिस्टिक और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में तेज नवाचार, दीर्घकालिक मूल्य निर्माण और कायांतरण पर जोर दिया। अदाणी ने कहा, ''हमें आज की तालियों के लिए नहीं बल्कि आने वाले दशकों की विरासत के लिए निर्माण करना है।''

# रेलवे बोर्ड में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया स्वच्छता का महत्व



**कोलकाता/नयी दिल्ली :** 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' के अंतर्गत स्वच्छ आदतों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रेलवे बोर्ड सांस्कृतिक दल द्वारा रेल भवन के विचार सभागार में स्वच्छता जागरूकता सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, सदस्य (वित्त) उषा वेणुगोपाल, सदस्य (अवसंरचना) नवीन गुलाटी, महानिदेशक (आरपीएफ) सोनाली मिश्रा, महानिदेशक (मानव संसाधन) आर. राजगोपाल, महानिदेशक (संरक्षा) हरि शंकर वर्मा तथा सचिव, रेलवे बोर्ड अरुणा नायर सहित बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड सतीश कुमार ने स्वच्छता के महत्व पर बल देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति से साल में 100 घंटे और प्रति सप्ताह 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का आह्वान किया है। कार्यक्रम की शुरुआत अपूर्व प्रतिभा और पंकज विशाल द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद सांस्कृतिक दल ने 'स्वच्छता मिशन' पर आधारित सामूहिक गीत प्रस्तुत किया। साथ ही, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छ आदतों की आवश्यकता और उसके लाभों को विस्तार से दर्शाया गया। इस मौके पर टी.पी. चावला, हर्ष सिंह, दिव्या खुराना और पंकज विशाल ने स्वच्छता पर आधारित अपनी स्वरचित कविताओं का वाचन कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का संयोजन संयुक्त सचिव, रेलवे बोर्ड टी. श्रीनिवास ने किया, जबकि मंच संचालन प्रीति मान ने किया।

## महिला क्रिकेटरों के अनूठे टैटू : किसी ने हनुमान, किसी ने बंगाल टाइगर तो किसी ने बनवाया बाज



**नयी दिल्ली:** विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले सप्ताह आखिरी वनडे मैच में 72 रन बनाने वाली भारत की अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में बायें हाथ पर बने हनुमानजी के टैटू से उन्हें ताकत और प्रेरणा मिलती है। दीप्ति ने कहा ,'मैने अपने बायें हाथ पर हनुमानजी का टैटू बनवा रखा है। जब भी जीवन में उतार चढाव आते हैं तो वह मुझे शक्ति देते हैं।'' भारत के लिये 80 वनडे में 1891 रन बनाने के साथ 91 विकेट ले चुकी दीप्ति ने जियो हाटस्टार के 'आफ द पिच' कार्यक्रम में कहा ,''मैचों में भी जब मुझे समझ में नहीं आता कि क्या करूं तो उनके बारे में सोचती हूं। इससे मुझे शक्ति और आगे के बारे में सकारात्मक सोच मिलती है।'' दीप्ति के 72 रन के बावजूद भारतीय टीम 413 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरे वनडे में 43 रन से हार गई और श्रृंखला 1 .2 से गंवा दी। अब भारत और श्रीलंका में होने वाले विश्व कप के पहले मैच में भारत को 30 सितंबर को गुवाहाटी में श्रीलंका से खेलना है। वहीं स्पिनर स्नेह राणा ने भी दो टैटू बना रखे हैं जिनमें से पहले पर 'विरोधी' और दूसरे पर ' तव धैर्यं तव बलम अस्ति' लिखा है। इस बारे में उन्होंने कहा ,'' हाल ही में मैने एक टैटू बनवाया है जिस पर विरोधी लिखा है जिसके मायने हैं किसी मकसद से बागी। अगर हालात मेरे खिलाफ हैं तो मैं उनसे पार पाना चाहती हूं।' भारत के लिये 22 वनडे और 22 टी20 खेल चुकी 31 वर्ष की इस खिलाड़ी ने कहा ,'' इसके अलावा एक और टैटू पर तव धैर्यं तव बलम अस्ति' लिखा है जो संयम रखने में मदद करता है। मैने पिंडली पर शेर और बाज का टैटू भी बनवाया है। शेर साहस, नेतृत्व और स्वतंत्रता के लिये जबकि बाज अपने तेज गेंदबाज और चौकस नजर के लिये।'

# इसे प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करें, मुकाबला ही नहीं है : भारत . पाक मैचों पर बोले सूर्यकुमार

**दुबई:** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलों को जबर्दस्त प्रतिद्वंद्विता कहना बंद करने का आग्रह किया है चूंकि उनकी टीम का चिर प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह से दबदबा रहा है। भारत ने एशिया कप सुपर 4 मैच में पाकिस्तान को रविवार को छह विकेट से हराया। टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में दोनों टीमों का सामना 15 बार हुआ है और भारत ने 12 बार जीत दर्ज की है। रविवार के मैच के बाद पाकिस्तान के एक सीनियर पत्रकार ने दोनों टीमों के बीच प्रदर्शन में अंतर के बारे में पूछा तो सूर्यकुमार ने मुस्कुराते हुए कहा ,'सर, मेरी गुजारिश है कि आप भारत और पाकिस्तान के मैचों को प्रतिद्वंद्विता कहना बंद कर दें।' जब पत्रकार ने कहा कि वह प्रदर्शन के स्तर की बात कर रहे हैं, प्रतिद्वंद्विता की नहीं , इस पर भारतीय कप्तान ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा ,'प्रतिद्वंद्विता और स्तर सभी बराबर है। प्रतिद्वंद्विता कहां है। अगर दो टीमें 15 मैच खेले और 8 . 7 का आंकड़ा हो तो प्रतिद्वंद्विता होती है। यहां तो 13 . 1 (12 . 3) या ऐसा ही कुछ है। कोई मुकाबला ही नहीं है।'' जीत के लिये 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 39 गेंद में 74 रन बनाने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों का बेवजह लड़ने का इरादा उन्हें पसंद नहीं आया जिसकी वजह से बहस हुई। अभिषेक और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिये 105 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने मैच के बाद कहा ,'जिस तरह से पाकिस्तानी खिलाड़ी बिना वजह हमसे भिड़ रहे थे, मुझे बिल्कुल पसंद नहीं आया और उनका इलाज आक्रामक बल्लेबाजी से ही करना था।' पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और शाहीन शाह अफरीदी से अभिषेक और गिल की बहस हुई। गिल के साथ साझेदारी के बारे में अभिषेक ने कहा ,'हम स्कूली दिनों से साथ खेल रहे हैं और एक दूसरे के साथ खेलने में मजा आता है। हमें लगा कि आज बड़ी साझेदारी बनायेंगे।




### आग और बर्फ की तरह हैं शुभमन और अभिषेक

**दुबई:** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव का मानना है कि जिगरी दोस्त अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल के बल्लेबाजी के विपरीज अंदाज से भारतीय टी20 क्रिकेट को 'आग और बर्फ' का संयोजन मिल गया है। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर 4 मैच में जीत के लिये 172 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दस साल की उम्र से साथ खेल रहे दोनों दोस्तों ने 105 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने 39 गेंद में 74 रन बनाये जबकि गिल ने 28 गेंद में 47 रन जोड़े। सूर्यकुमार ने छह विकेट से मिली जीत के बाद कहा ,'यह आग और बर्फ जैसा संयोजन है। दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। यही मैं देखना चाहता हूं। अगर एक जबर्दस्त बल्लेबाजी कर रहा है तो दूसरा सहायक की भूमिका निभाकर स्ट्राइक रोटेट कर सकता है। हमें अच्छी शुरूआत की जरूरत थी और दोनों ने वह दी।'

## भारत ने सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप के रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को 3-2 से हराया



**कोलंबो:** भारत ने सैफ अंडर-17 फुटबॉल चैंपियनशिप के बेहद रोमांचक मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सोमवार को यहां 3-2 से शिकस्त दी। मैच के दौरान पाकिस्तान के मोहम्मद अब्दुल्ला का विवादास्पद जश्न चर्चा का विषय बन गया। दोनों टीमों के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने के बाद यह मुकाबला औपचारिक हो गया था। भारत ने मैच के 31वें मिनट में डल्लालमुओन गांगटे के गोल से बढ़त बना ली। पाकिस्तान ने 43वें मिनट में अब्दुल्ला द्वारा पेनल्टी को गोल में बदलकर बराबरी की। गोल करने के बाद वह अपने साथियों के साथ एक अनोखे जश्न में चाय पीने की नकल करने लगा। उसका यह जश्न हालांकि पाकिस्तान के लिए ही भारी पड़ गया क्योंकि भारत ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित कर दी। गुनलेइबा वांगखेइराकपम ने 63वें मिनट में गोल कर भारत को फिर से बढ़त दिला दी लेकिन इसके सात मिनट बाद ही हमजा यासिर ने पाकिस्तान के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। रहाम अहमद ने 73वें मिनट में गोल कर भारत को 3-2 से आगे कर दिया जो निर्णायक साबित हुआ। भारत ने इसके बाद रक्षापंक्ति को मजबूत कर पाकिस्तान को बराबरी करने का मौका नहीं दिया। अब्दुल्ला का यह विवादास्पद जश्न पाकिस्तान के क्रिकेटरों हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहम द्वारा रविवार को दुबई में भारत के खिलाफ एशिया कप सुपर चार मैच के दौरान किए गए उकसाने वाले इशारों के ठीक एक दिन बाद आया। भारत ने एशिया कप का वह मैच छह विकेट से जीता था, जिसके बाद भारत की युवा फुटबॉल टीम ने श्रीलंका की राजधानी में रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान को शिकस्त दी।

## सट्टेबाजी ऐप मामले में ईडी के सामने पेश हुए उथप्पा



**नयी दिल्ली:** भारत के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा आनलाइन सट्टेबाजी ऐप से जुड़े धन शोधन (मनी लाउंड्रिंग) के मामले में पूछताछ के लिये प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। उथप्पा करीब 11 बजे एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। ईडी एक प्लेटफॉर्म 'वनदबेट' धन शोधन रोधक अधिनियम के तहत उनसे पूछताछ करके उनके बयान रिकॉर्ड करेगा। इससे पहले एजेंसी क्रिकेटर सुरेश रैना, शिखर धवन, अभिनेत्री और टीएमसी की पूर्व सांसद मिमि चक्रवर्ती और बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा से पूछताछ कर चुका है। ईडी ने इसी मामले में पूछताछ के लिये पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह और अभिनेता सोनू सूद को भी मंगलवार और बुधवार को बुलाया है।

## पैरालंपिक ऊंची कूद चैंपियन प्रवीण कुमार की नजर विश्व पैरा चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक जीतने पर

**नयी दिल्ली:** महज 22 साल की उम्र में चौथी बार विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने को तैयार पैरालंपिक ऊंची कूद चैंपियन प्रवीण कुमार का लक्ष्य शनिवार से यहां शुरू होने वाले इस आयोजन में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने का है। प्रवीण ने 2019 में 16 साल की उम्र में पहली बार दुबई में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लिया था। वह तब टी64 स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे और कांस्य पदक से चूक गए थे। टी64 स्पर्धा उन खिलाडियों के लिए होती है जिनके निचले पैर में चलने-फिरने की समस्या होती है या घुटने के नीचे एक या दोनों पैर नहीं होते हैं। प्रवीण ने 2023 के पेरिस सत्र में कांस्य पदक जीता था और 2024 में जापान के कोबे में फिर से चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने दिल्ली में होने वाले आयोजन से पहले 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'यह मेरी चौथी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप होगी और मैंने एक कांस्य पदक जीता है। मेरा लक्ष्य 2.10 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। मुझे लगता है कि मैं इसे हासिल कर घरेलू दर्शकों के सामने स्वर्ण जीत सकता हूं।' उन्होंने कहा, 'मैं अगर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर 2.10 मीटर के लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा तो मैं किसी भी पदक से खुश रहूंगा। फिलहाल, मेरा व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.08 मीटर है।' एक पैर में विकार के साथ जन्में प्रवीण गौतम बुद्ध नगर के जेवर तहसील के गोविंदगढ़ गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 2024 के सत्र में चोट के कारण उनका प्रदर्शन प्रभावित हुआ। वह उस आयोजन में 1.94 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर रहे थे। प्रवीण ने कहा, 'मैं छलांग लगाने के लिए जिस पैर का इस्तेमाल करता हूं उस में चोट लग गयी थी। इस वजह से मैं ठीक से कूद नहीं पा रहा था। पेरिस पैरालंपिक से पहले यह चोट ठीक हो गई, जहां मैंने स्वर्ण पदक जीता था। अब, ईश्वर की कृपा से मुझे कोई चोट नहीं है।



### लोकेश राहुल पीवीएल फ्रेंचाइजी गोवा गार्डियंस के सह मालिक बने

**पणजी:** भारतीय क्रिकेटर लोकेश राहुल ने प्राइम वॉलीबॉल लीग (पी-वीएल) के चौथे सत्र से पहले गोवा गार्डियंस फ्रेंचाइजी के सह-मालिक बन गए हैं। यह सत्र दो से 26 अक्टूबर तक हैदराबाद में खेला जाएगा। राहुल ने यहां जारी बयान में कहा कि वह वॉलीबॉल को उस तरह की लोकप्रियता दिलाना चाहते हैं जिसका वह हकदार है। उन्होंने कहा, 'पीवीएल भारत में वॉलीबॉल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है और इसका मुख्य उद्देश्य इस खेल को अधिक लोगों तक पहुंचाना है।' गोवा गार्डियंस के मुख्य मालिक राजू चेकुरी ने राहुल के इस कदम का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वॉलीबॉल के प्रति राहुल का जुनून और इसकी क्षमता में उनका विश्वास एक ऐसी फ्रेंचाइजी बनाने में मदद करेगा जो प्रशंसकों को प्रेरित करेगी और खिलाड़ियों को सशक्त बनाएगी।

## कोरिया ओपन में भारत की चुनौती पेश करेंगे प्रणय, आयुष

**सुवोन (कोरिया):** इस सत्र में लय हासिल करने के लिये जूझ रहे एच एस प्रणय और उदीयमान सितारे आयुष शेट्टी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे कोरिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। हांगकांग और चाइना मास्टर्स में फाइनल तक पहुंचे सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। विश्व चैम्पियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता प्रणय इस सत्र में कई टूर्नामेंटों के शुरूआती दौर से ही बाहर हो गए थे। वह यहां एक क्वालीफायर के खिलाफ शुरूआत करेंगे और दूसरे दौर में चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से खेल सकते हैं। इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन विजेत 22 वर्ष के आयुष का सामना पहले दौर में चीनी ताइपै के सू लि यांग से होगा। किरण जॉर्ज को पहले दौर में सिंगापुर के लोह कीन यू के रूप में कठिन चुनौती मिली है। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय का सामना इंडोनेशिया की चौथी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुम वरदानी से होगा। युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान की टक्कर जापान के यूइची शिमोगामी और सयाका होबारा से होगी।



## 'जीएसटी 2.0' से किराने का खर्च 13 प्रतिशत कम होगा, छोटी कार खरीदने पर 70,000 रुपये की बचत




**नयी दिल्ली:** सोमवार से लागू हुए जीएसटी के अगली पीढ़ी के सुधारों से किराने और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के खर्च में 13 प्रतिशत की बचत होगी। दूसरी ओर छोटी कार खरीदने वाले को लगभग 70,000 रुपये का फायदा होगा। सरकारी अनुमानों के अनुसार स्टेशनरी, कपड़े, जूते और दवाइयों की खरीदारी पर 7-12 प्रतिशत की बचत होगी, जबकि व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा पॉलिसियों के मामले में यह बचत 18 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी। यह छूट सोमवार से लागू है। जीएसटी के अगली पीढ़ी के सुधार लागू होने से किराने का सामान, कृषि उपकरण, कपड़े, दवाइयां और वाहन सहित 375 वस्तुएं सस्ती हो गईं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सुधार को 'जीएसटी बचत उत्सव' करार दिया है। सरकार का अनुमान है कि 1800 सीसी तक के ट्रैक्टर की खरीद पर 40,000 रुपये की बचत होगी। ट्रैक्टर पर जीएसटी की दर पहले 12-18 प्रतिशत थी, जिसे घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। बाइक और स्कूटर (350 सीसी तक) की खरीद पर 8,000 रुपये की बचत होगी, जबकि टीवी (32 इंच से ऊपर) पर 3,500 रुपये तक की बचत होगी। एयर कंडीशनर की खरीद पर 2,800 रुपये तक की बचत होगी, क्योंकि इन वस्तुओं पर जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। मोदी ने रविवार को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा था कि 'जीएसटी बचत उत्सव' और बजट में आयकर छूट को बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने से लोगों को दोहरा लाभ होगा।


## फोनपे का घाटा कम होकर 1,727.4 करोड़ रुपये पर आया, राजस्व 40 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली:** वित्तीय-प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे का वित्त वर्ष 2024-25 में एकीकृत घाटा कम होकर 1,727.4 करोड़ रुपये पर आ गया जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,996.1 करोड़ रुपये था। बाजार विश्लेषक फर्म टॉफ्लर से मिले आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में फोनपे का परिचालन राजस्व 40.5 प्रतिशत बढ़कर 7,115 करोड़ रुपये हो गया जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 5,064 करोड़ रुपये था। इस वर्ष के अंत में अपने निर्गम के लिए मसौदा दस्तावेज दाखिल करने की योजना बना रही कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने समायोजित शुद्ध लाभ में तीन गुना वृद्धि दर्ज की, जो एक साल पहले के 197 करोड़ रुपये से बढ़कर 630 करोड़ रुपये हो गया। वॉलमार्ट समूह की इस कंपनी का 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में मुक्त नकदी प्रवाह सकारात्मक रहा और परिचालन से शुद्ध नकदी प्रवाह 1,202 करोड़ रुपये रहा।




# किसान कीटनाशक, उर्वरक का इस्तेमाल कम करें, जैविक खेती अपनाएं: अमित शाह

**राजकोट:** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को किसानों से उर्वरकों और कीटनाशकों का इस्तेमाल कम करने और जैविक खेती अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार पर्यावरण-अनुकूल खेती अपनाने वाले किसानों को अधिक लाभ सुनिश्चित करने की व्यवस्था कर रही है। गृह मंत्रालय का भी दायित्व संभालने वाले शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों और वस्तुओं पर जीएसटी कम करके उन्हें नवरात्रि और दिवाली का बड़ा तोहफा दिया है। जीएसटी में अब पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो व्यापक दरें रखी गई हैं। नई व्यवस्था सोमवार से लागू हो गई जो नवरात्रि का पहला दिन है। गुजरात के राजकोट ज़िले के सात सहकारी संगठनों की वार्षिक आम बैठक में भाग लेने के बाद शाह ने यहां कृषि विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं सौराष्ट्र के सभी किसानों से कीटनाशकों और उर्वरकों का उपयोग कम करने और जैविक खेती का रुख करने की अपील करता हूं। भारत जैविक उत्पादों के वैश्विक बाजार का एक बड़ा हिस्सा यहां के किसानों के लिए लाने जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि भारत सरकार यह सुनिश्चित करने की व्यवस्था कर रही है कि जैविक खेती करने वाले किसानों को अधिक लाभ मिले। जैविक खेती में उर्वरकों, कीटनाशकों जैसे कृत्रिम रूप से उत्पादित कृषि-सामग्री के उपयोग से परहेज किया जाता है। इसकी जगह पर्यावरण और पारिस्थितिकी को संरक्षित करते हुए उत्पादन बढ़ाने के लिए जैविक अपशिष्ट और लाभकारी सूक्ष्मजीवों जैसे प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि 'भारत ऑर्गेनिक्स' (नेशनल कोऑपरेटिव ऑर्गेनिक्स लिमिटेड का एक उत्पाद ब्रांड) की स्थापना यह सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि किसानों को ऐसी वस्तुओं की बिक्री से लाभ हो। शाह ने कहा, 'किसानों से जैविक उत्पाद खरीदने और उन्हें बेचने के लिए एक सहकारी समिति की स्थापना की गई है ताकि उन्हें पूरा लाभ मिल सके। एक नई निर्यात और बीज सहकारी समिति की भी स्थापना की गई है।'



### अमेरिका के एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि की चिंताओं के बीच आईटी कंपनियों के शेयर में गिरावट

**मुंबई:** अमेरिका के एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि से उत्पन्न चिंताओं के बीच सोमवार को आईटी कंपनियों के शेयर में गिरावट आई। इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज का शेयर आठ प्रतिशत और हेक्सावेयर का सात प्रतिशत तक टूटा। बीएसई पर इन्फोबीन्स टेक्नोलॉजीज के शेयर में 8.08 प्रतिशत, हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज के शेयर में 7.08 प्रतिशत, एलटीआई माइंडट्री के शेयर में 4.54 प्रतिशत, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स के शेयर में 4.19 प्रतिशत और टेक महिंद्रा के शेयर में 3.20 प्रतिशत गिरावट आई। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का शेयर 3.02 प्रतिशत, इन्फोसिस का शेयर 2.61 प्रतिशत, विप्रो का शेयर 2.25 प्रतिशत और एचसीएल टेक का शेयर 1.84 प्रतिशत टूटा। बीएसई आईटी सूचकांक 2.73 प्रतिशत की गिरावट के साथ 34,988.20 अंक पर आ गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाकर 1,00,000 डॉलर प्रति कर्मचारी करने के निर्णय से उत्पन्न चिंता के बीच आईटी कंपनियों के शेयर में बिकवाली से घरेलू बाजारों में भी गिरावट दर्ज की गई।

# घट रहा है अमेरिका को भारत का स्मार्टफोन निर्यात : जीटीआरआई

**नयी दिल्ली:** देश का अपने सबसे बड़े बाजार अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात मई के 2.29 अरब डॉलर से 58 प्रतिशत घटकर अगस्त में 96.48 करोड़ डॉलर रह गया। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने सोमवार को कहा कि यह घटनाक्रम चिंताजनक और विरोधाभासी है क्योंकि स्मार्टफोन पर कोई शुल्क नहीं है। स्मार्टफोन के मामले अमेरिका, भारत का सबसे बड़ा बाजार है। जीटीआरआई ने कहा, 'इस गिरावट के असली कारणों का तत्काल पता लगाने की जरूरत है।' स्मार्टफोन निर्यात मई, 2025 के 2.29 अरब डॉलर से 58 प्रतिशत घटकर अगस्त में 96.48 करोड़ डॉलर रह गया। यह गिरावट मासिक आधार पर स्थिर रही। जून में यह दो अरब डॉलर और जुलाई में 1.52 अरब डॉलर था। वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका 10.6 अरब डॉलर के आयात (भारत के 24.1 अरब अमेरिकी डॉलर के वैश्विक निर्यात का 44 प्रतिशत) के साथ भारत का शीर्ष स्मार्टफोन बाजार बना रहा। इसके बाद यूरोपीय संघ 7.1 अरब डॉलर (29.5 प्रतिशत) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। इसमें कहा गया कि शुल्क मुक्त उत्पाद की देश के अगस्त निर्यात में 28.5 प्रतिशत हिस्सेदारी रही। इसमें 41.9 प्रतिशत की तीव्र गिरावट दर्ज की गई जो मई के 3.37 अरब डॉलर से घटकर अगस्त में 1.96 अरब डॉलर रह गई। औषधि क्षेत्र में भी निर्यात में 13.3 प्रतिशत की गिरावट आई जो मई के 74.5 करोड़ डॉलर से घटकर अगस्त में 64.66 करोड़ डॉलर रह गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका में उच्च शुल्क का सामना कर रहे भारतीय सामान के निर्यात में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। अगस्त में आभूषण निर्यात 9.1 प्रतिशत घटकर 22.82 करोड़ डॉलर रह गया। हीरे जड़ित सोने के आभूषणों और कटे-पॉलिश किए हीरों में भी नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई।




## न्यूज अपडेट

### सोना 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर, चांदी भी नए शिखर पर




**नयी दिल्ली:** मजबूत वैश्विक संकेतों से उत्साहित होकर सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमतें 2,200 रुपये बढ़कर 1,16,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गई। निवेशक नीतिगत दिशा के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की महत्वपूर्ण टिप्पणी का इंतजार कर रहे हैं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत शुक्रवार को 1,14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ थी। इस बीच, सोमवार को चांदी की कीमतें 4,380 रुपये बढ़कर 1,36,380 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। एसोसिएशन के अनुसार, शुक्रवार को चांदी 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### रुपया 12 पैसे टूटकर 88.28 प्रति डॉलर पर

**मुंबई:** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को डॉलर के मुकाबले रुपया 12 पैसे टूटकर 88.28 पर बंद हुआ। निवेशकों के जोखिम से बचने की बढ़ती धारणा के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा शुल्क में बढ़ोतरी से भारतीय लोगों द्वारा विदेश से पैसा भेजने पर होने वाले प्रभाव को लेकर चिंता जताई जा रही है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि एच-1बी वीजा शुल्क में हालिया बढ़ोतरी से निकट भविष्य में भारतीय आईटी शेयरों से पूंजी निकासी हो सकती है और भारतीय रुपये पर दबाव पड़ सकता है।

### ट्रूअल्ट बायोएनर्जी का आईपीओ 25 सितंबर को खुलेगा, मूल्य दायरा 472-496 रुपये प्रति शेयर

**नयी दिल्ली:** जैव ईंधन बनाने वाली कंपनी ट्रूअल्ट बायोएनर्जी लिमिटेड ने आगामी 839 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 472 से 496 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि आईपीओ 25 सितंबर को खुलेगा और 29 सितंबर को संपन्न होगा। ट्रूअल्ट का आईपीओ 750 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर और प्रवर्तकों द्वारा 89.28 करोड़ रुपये मूल्य के 18 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इस प्रकार निर्गम का कुल आकार 839.38 करोड़ रुपये बैठता है। नए निर्गम के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का इस्तेमाल 'मल्टी-फीड स्टॉक' परिचालन स्थापित करने, ऋण के भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट कामों के लिए किया जाएगा।

### आईटीसी प्रमुख ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को ऐतिहासिक क्षण बताया

**कोलकाता:** आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजीव पुरी ने सोमवार को अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों को एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि ये कदम उत्पादों को अधिक किफायती बनाएगा, उपभोग को बढ़ावा देगा और लघु एवं मझोले उद्यमों को ऊर्जा प्रदान करेगा। पुरी ने लिंक्डइन पर पोस्ट में नवरात्रि की पूर्व संध्या पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस संबंध में की गई घोषणा का स्वागत किया। उन्होंने इसे दूरदर्शी, पथप्रदर्शक और एक ऐसा कदम बताया जो भारत विकास यात्रा को गति देगा। आईटीसी प्रमुख ने पोस्ट में लिखा, 'जीएसटी बचत उत्सव, आयकर में पहले किए गए साहसिक संशोधनों के साथ मिलकर, लोगों के हाथों में 2.5 लाख करोड़ रुपये की बचत लेकर आया है।' उन्होंने कहा कि इससे उपभोग, निवेश, उच्च आय और रोजगार का एक अच्छा चक्र बनेगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3366 अंक 176, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in